"आपने बिल्कुल ठीक कहा सर, आप द नही सकते।" सुधाकर पीछे नही रहा—"छीन जरूर सकते हैं।"

तहसीलदार साहब का मूड बिगाड़ दिया सुधाकर न।

क्या सोचकर आए थे, क्या हो गया ?

"ठीक है, काम के मामले मे रिपोर्ट अच्छी हे। मगर, ये आडे-टेढ़े और आके-बाके सवाल साहब के सामने करने की क्या जरूरत थी।" उनकी आखो मे एक पल शत्रुओ जैसी कौंध जाग गई।

देख लूगा पीछे तुम्हे भी।

साहब ने ध्यान भग किया—"अच्छा केशा हम चलते हैं। अभी और भी देखने हैं। हमने सब नोट कर लिया है। दिल्ली जाकर कुछ करेगे।"

दल आग बढा।

"सर और घर देखकर टाइम वेस्ट करना है। सब ऐसे ही हैं। इससे बदतर हैं। हमने यहा से आपका अगला कार्यक्रम रणकपुर रखा है।"

अभियताओ तथा तहसीलदार ने प्रार्थना की। पर साहब का मूड भी एक का स्वाद चखने म ही कसैला हो गया था अब उसम और कडवाहट घोलने की जरा भी इच्छा नही रही। फिर भी जाना तो था।

केशा सपना देख रहा है। अपढ़ केशा प्रतीक्षा कर रहा है अपनी नई जमीन एलॉट होने की। प्रतीक्षा कर रहा है आम-महुए-कुए के ढेर सारा रुपया का चेक लिए तहसीलदार साहब खडे हैं। अपग लड़के का इलाज हो गया है और हूडी लाल के साथ वह भी स्कूल जा रहा है।

आज भी केशा बा जिदा है, कभी पूरी नही होने वाली उम्मीद पर। केशा बा जिदा है सयुक्त सचिव कद्रीय सरकार दिल्ली के आश्वासन पर उसको भरोसा है।

भारत सरकार के इतने बडे अधिकारी उनके घर खुद चलकर आए हैं। भला अब केसे झूठ हो सकता हे ? एक दिन वह भी अपनी नई जमीन मे हल जोतेगा। अनाज काटेगा। उनकी खाली कोठिया फिर अनाज से भर जाएगी।

न जाने यह सपना कब सच होगा ? मगर वह जिंदा है कद्रीय सयुक्त सचिव अकाल राहत मत्रालय के एक दिए गए वायदे पर। एक विश्वास पर। जिंदा है एक सुनहरे सपने पर।

मगर क्या होगा उस दिन जब यह वादा टूट जाएगा विश्वास छला जाएगा और सपना बिखर कर चूर-चूर हो जाएगा।

सुधाकर तो जानता हे सब। उसका आक्रोश इसीलिए है। ये लोग सपना के सौदागर हे। सपने दिखाते हैं। चले जाते हे। इनकी झोली मे ढरा झुनझुने होते ह। एक-एक को पकडाते जाते हैं। इनक पास ढरो लोलोपॉप हाते है। पकड़ो और चूसते रहो। दूसरे बजट मे लाखो-करोड़ा रुपये हागे। केवल मजदूर क लिए मजदूरी के बजट म ही कमी होगी।

× × ×

सरकार हर फैक्ट्री कारखाने म मजदूर को मिनिमम वेजेज नियम लागू करेगी। मगर यह नियम यहा लागू नही होता। यहा उस मजदूर को इस काबिल भी नहीं मानती कि निम्न वेतन दर तो दे। फिर कौन-सी राहत ? कहा की राहत ? वह किसे कहे ? कौन सुनेगा ? किसी के पास सुनने का वक्त ही कहा है ? नो टाइम।

सारे बाध क पूर होने पर सबसे अधिक नुकसान किसी का हागा तो वह होगा केशा बा का। केशा बा की जमीन मुख्य बाध के पटे म आएगी। बाध के सिल लेवल पर। वह लेवल जिसके ऊपर ता नहर चल सकती है, परन्तु उस लेवल क नाचे नहर मे पानी नही होता। बाध के पेटे म ही जल भरा रहेगा। जहा पशुओ को पीने का पानी कभी खतम नही हो। आसपास क कुआ मे लेवल बना रह।

और लोगा की जमीन तो बाध सूखने पर निकल जाएगी। उनम तो गेहू की खेती हा सकेगी। लेकिन केशा बा की जमीन म ता एक बार घुसा हुआ पानी हमेशा के लिए कब्जा करके बैठ जाएगा। बरस-दर-बरस लगातार अकाल पड़े तो बात दूसरी है। एसा अवसर सभवतया आता ही नही है। सो कशा को इस जीवन म दुबारा इस जमीन का जोतने का अवसर नहीं आएगा।

एक दिन सहायक अभियता साहब व दिनश न सुधाकर को विवश कर दिया। उनका कहना था—"हम बरसात शुरू हान स पहल बाध क अदर जिन-जिन लागा की खती है उन-उन लागा क खता की मिट्टी को पहल खुदवाकर बाध पर डलवाना है। क्योंकि वह अदर की मिट्टी ता पानी भरते ही वस भी वेस्ट हाना है। जो मिट्टी खराब हो होनी ह उसे अदर छाड़न स फायदा क्या ? दूसरी बात, जितनी हम अदर या मिट्टी अधिक खादेंगे हम बाध की गहराई अधिक मिलगी। तीसरी बात बरसात शुरू हान क बाद हम अदर की मिट्टी निकाल हा नहा पाएगे। ट्रैक्टरा का चलना असभव हागा। इसलिए बाहर का मिट्टी या हम हर हालत म रिजर्व करके रखना होगा। बाहर का मिट्टी ता ज्या-ज्या आवश्यकता पड़गा हम डलवा सकत हैं। आपका अदर की मिट्टी खुदवान म प्रॉब्लम क्या है ?"

"सर मुझ काइ प्रॉब्लम नहा ह। कशा दवा कन्ना माना मरे सगे या रिश्तेदार नहीं हैं। लकिन जिस दिन इनक खत म गैंती चलगा वह उनके खत पर नही उनक मन, आत्मा और दिल पर चलगा। उस खून क जो फव्वारे चलग उनम ये अकले ही नहा म भी उस खून से सराबार हो जाऊगा। जो छींटे मर मन और आत्मा पर पड़ग सारा उम्र किसा भी साबुन स नहा धा पाऊगा। उस खून का अपराधी कही न कहीं म भी रहूगा।"

"मुझे कोई प्रॉब्लम नहीं ह। मैं पच्चीस रुपये रोज की नौकरी म इतना बड़ा खून कभी नहीं करवाऊगा। पच्चीस क बजाय पच्चास हजार भी द तो भी नहीं कर पाऊगा।" वह रुक न सका। बिना विराम लिए उसन आग कहना जारी रखा। *"लकिन क्या आप अकाल राहत कार्य अधूरा छाड़ जाएग ? मैं यहा इन्ह राहत* दिलान आया हू, गला काटने नहीं। इनका भूख मिटान आया हू, इन्ह कगाल बनाने नहीं।"

"दखिए सुधाकर आप बेकार म नर्वस हो रह हैं। हम इन्ह जमीन के बदले जमीन देंगे। मुआवजा भी देंगे।"

"क्या आप यह सब इनकी जमीन खुदने के दिन दे सकते हैं ?"

"दखो सुधाकर इनको कई महीना पहले नोटिस दिया जा चुका है।"

"आपके नोटिस का कागज न इनक ओढ़ने के काम आएगा न बिछाने के।" सुधाकर ने कहा—"फिर भूख तो उसस मिटने से रही।"

सुधाकर ने आत्मीय भाव से कहा—"श्रामान्।"

"आपका इतना लगाव इन लागो स कैस हा सकता है ?" अभियता ने पूछा।

"दिल को दिल से राहत होती है। मैंने इनम भगवान के दर्शन किए हैं और शायद इन्होंने मुझमे। सरकार कोई मूर्ति नही है, जिसम आदमी को आस्था और विश्वास हा। आप लागा का क्या है आज इस बाध पर कल दूसरे पर परसा तीसरे पर। म इनक अदर तक पैठ गया हू और मर दिमाग के हिस्से-हिस्से म रम गए ह य। मेर दिल क कोन-कोन म समा गए हैं ये।"

"आपका यह पहला काम है।" अभियता ने कहा—"लगता है कि इसमें ही इतने दुःखी हो गए तो दूसरे काम कैसे करेंगे ?"

नजर उठाकर अभियता को देखते हुए सुधाकर ने कहा—"आपको यह शक कैसे हो गया कि मैं जिंदगी-भर कसाई का ही काम करता रहूंगा ? यह मेरा पहला और आखिरी काम होगा। मैं जीवन-भर इस भूख से मरे हुए आदमी को बार-बार नहीं मार सकता।"

"ठीक है आप छुट्टी लेकर उदयपुर चले जाइए।" अभियता ने कहा—"हम ट्रैक्टर वालों को कल से अंदर की मिट्टी लाने के निर्देश दे देंगे।"

उस दिन सुधाकर ने साहब लोगों को न चाय पूछी न पानी। वे सुधाकर पर भुनभुनाते हुए चले गए।

उस रात सुधाकर बिल्कुल नहीं सो पाया। जब भी नींद उड़ती, बाहर आकर केशा की जमीन पर निगाह डालता। कल ये चमन उजड़ जाएगा। इन पर बसने वाले पंछियों को भी नया बसेरा ढूंढ़ना पड़ेगा। उसे लगा जैसे अभियता साहब केशा की जमीन का नहीं उसके खुद के फांसी के हुक्मनामे पर दस्तखत कर गए हों।

रात-भर बेचैनी के कारण सुधाकर ठीक से सो नहीं पाया। सुबह उठा तो सर और चेहरा दोनों भारी थे। कल की सारी घटना बार-बार उसके दिमाग में घूम रही थी।

साहब के शब्द बार-बार उसे मथ रहे थे—"ये आपके कौन से सगे और रिश्तेदार लगते हैं जो आप इनके लिए इतने परेशान हो रहे हैं।"

वैसे तो सुधाकर के पास इसका कोई उत्तर नहीं है। रात-भर सोचते रहकर सुधाकर को उत्तर मिल गया था कि सगा क्या केवल खून के रिश्ते से बनता है ? अगर ऐसा ही होता तो ये लोग क्या अपनी जान-जोखिम में डालते ? क्यों एक पराये बाबूजी की दिन-रात सेवा में लगे रहते हैं ? उसे तब याद आया—एक रात उसकी तबीयत खराब हो गई थी। तो इनमें से कोई उसके पास से हिला नहीं। सारी रात इन्होंने आंखों में निकाल दी। सुबह जब सुधाकर का बुखार उतरा तब ये लोग घर गए। रात-भर वैद्य ओझा—घरेलू दवाएं ला-लाकर ढेर कर दिया। देवरे में भाव करवाया और भोपाजी आकर खुद झाड़ा डाल गए। कैसे समझाए सुधाकर कि ये उसके कितने सगे हैं ?

खून के रिश्ते से भी बढ़कर रिश्ते इनसे हैं। सुधाकर ने प्यार बांटकर प्यार पाया है। सरकारी नौकरी वाला कंगाल अधिकारी क्या बांटेगा ? उसके पास बांटने को है ही क्या ? देगा भी सही तो कष्ट परेशानियां समस्याएं आज दिन तक ये आदिवासी इस मकड़जाल से छूट नहीं पाए।

सुधाकर चाय पीते-पीते यही सोच रहा था कि वह क्या करे ? उदयपुर चला जाय। किसी भी स्थिति में ट्रैक्टर वालों को केशा देवा कन्ना की जमीन में से मिट्टी लाने को नहीं कह पाएगा। अंत में उसने निर्णय कर लिया—"यही ठीक है।

चलना ही उचित है।"

लाग उस हार मानने वाला कह तो कहन दो। चाय पीकर चला जाएगा वह उदयपुर।

ठीक उसी समय लकमा मेट के साथ केशा बा और देवा आए। सुधाकर को सबोधित कर कहा—"साहब होकम, हमने कल की सारी बात सुन ली है। सरकार क हाथ लंबे हैं और हमारी दौड़ छोटी। ठाक ह जा नसीब म लिखा है, भुगतग। सरकार कुछ द न द, कब दे कोई नहीं जानता ? बाध के निर्माण म यह हमारा त्याग ही सही।"

सुधाकर ने बीच म टाका—"दखो भाई जमीन की चिंता पहली है, बाध की चिंता दूसरी बार कर लेना।"

"साब होकम, हमारी भी ता सुनो।" केशा बा न हाथ जाड़े।

"केशा बा। मैं खुद चला जाता हू, उदयपुर ? साहब लाग फरमा भी गए हैं।"

"वेई नी सक हाकम।" लकमा मेट ने हाथ जोड़े।

"साब, होकम "

"हम आपकी इज्जत पर आच नहा आने दग।"

"हम ये कभी नहा सह पाएग कि आपके लिए कोई कुछ कहे।"

"सुधाकर बाबूजी डर कर भाग गए—ये हम नहीं सुन पाएगे, होकम।"

"आप कोई चिंता नहीं कर। आज से ट्रैक्टर हमारी जमीना पर दौड़गे।"

"लकमा का कह दिया है लेवर आते ही वही भेज देना।"

सुधाकर अवाक् था।

इन अनपढ़ आदिवासिया का इतना बड़ा हौसला!

अपने बाबूजी की इज्जत की इतनी बड़ी कीमत चुकाने का तैयार।

कहा तो यह सुना था कि जब भी उनके खत मे ट्रैक्टर चलगे पूर परिवार सहित सभी ट्रैक्टरा के सामने लेट जाएगे।

सुधाकर अदर-हा-अदर उस सामूहिक आत्महत्या की बात सुनकर काप गया था उस बार।

आज इन छाट लागा का कद उसक सामने कितना बड़ा हो गया था। उनके इस अभूतपूर्व अविश्वसनीय निर्णय स उनके सामने अपने को कितना बौना महसूस कर रहा था।

बहुत दु खी था उस दिन कशा गमेती। उसका बेटा दीपा आर हुडीलाल।

दु खी था दवा गमेती। उस दिन घर-भर म मातम छा गया था।

जब कशा के खेत म ट्रक्टर चलने लग— उस सुनहरी माटी म, जिसे उसके दादा-परदादा ने खून-पसीन से सींचा था।

उस माटी म जिसम उसका बचपन जवानी और ढलती उम्र गुजरी थी।

ट्रक्टर चले— उस माटी मे जिसमे उसने अपनी जवानी की हड्डिया का सारा

जोर आजमाया था। आज उसी का अपनी आखो के सामने लुटता देख रहा था।

लच टाइम हो गया मगर आज केशा बा परिवार के एक भी प्राणी से खाना नही खाया गया। जिसने भी समझाया, यही कहा—"मुझे तग मत करो आज मुझसे खाया नही जाएगा।"

"आज मेरी धरती मा का मरण दिन है। उसका सुहाग छिन रहा है। उसका शृगार लुट रहा है और मैं खाना खाऊ! आज जब यह जमाने मुझ खुद को खाना देने वाली ही नहा रही तो मैं खाना कहा से खाऊगा ?"

इतना सब होते हुए भी केशा और देवा का पूरा परिवार बाध पर काम कर रहा है, रोज की तरह।

चेहरे पर एक तनावयुक्त मानसिकता मगर हाथ काम मे मशगूल। कोई घर जाकर नही सोया। सबकी आखो म आसू तो थे, मगर वे उस अदर-ही-अदर पी रहे थे। शायद आज का यही भोजन भाग्य मे बदा था। गगाजल की तरह पात रहे वे सब आसुओ की एक-एक बूद।

केद्रीय सयुक्त सचिव साहब पूछ रहे हैं—"केशा बा क्या तकलीफ है तुम्हे ?"

केशा समाधिस्थ है।

"क्या कष्ट है उसे ?"

"कही कुछ भी तो नही।"

"कष्ट तो जब तक अपने पास है उसे बचाने और उसकी सुरक्षा तक है।"

"जब सब लुट गया हो तो कौन-सा कष्ट ?"

और उस दिन एक नही कई केशा के घर देखे साहब ने। हर घर म भूख देखी साहब ने। हर घर मे भूख से लड़ता आदमी देखा साहब ने।

"कही, कुछ भी तो नही है। सब कुछ तो खाली है रीता है। कैसे जी रहा है आदमी ?"

× × ×

उस दिन भूख के आकड़े उतारे साहब ने। भूख की गणित देखी सचिव ने। भूख की ज्योमेट्री देखी साहब ने। भूख के कई इक्वेशन देखे साहब ने।

कितना यात्रिक था सयुक्त सचिव। प्रभुता-ज्वर के सस्थान म प्रशिक्षित शातिर सचिव। इसान की देह धरे इसानियत से रहित सचिवता ही तो रह गई थी। प्रशासनिक बाते और निष्कर्ष। सारे गणित और इक्वेशन तथा ज्यामेट्री दिल्ली जाकर ठडे बस्ते म। फिर न उन्हे केशा बा नजर आएगा न देवा बा और न खाली अनाज की कोठिया और न डूब मे छीने गए खेत। न आगन म मौत का पल्ला बिछाए। भूख नजर आएगी और न ओबरा बाध याद आएगा।

साहब की एअरकडीशड गाडी घर और दफ्तर के बीच व्यस्तता ढोती हुई। अकडकर लिफ्ट चढ़ते हुए साहब को राजस्थान के धुर दक्षिण का आदिवासी क्षेत्र और ओबरा बाध और डूब म समाधि लेता हुआ केशा बा का परिवार कहा याद

रहग ? फिर बीवी का खुशनुमा चहरा बच्चा की चमकती आख और कनाट प्लेस क ए सी रस्टारट म 'हॉट डॉग की प्लेट ही सामने हागा बस।

उस दिन फिर जीप म चला गया वह काफिला। एम्बसडर कारा म धसा हुआ रणक्पुर सड़क पर सरपट दौड़ने लगा वह काफिला।

पता नहा कुछ हल निकलगा भी या नहीं ? पता नही, इस भूख क सवाल को काई हल करगा भी या नही ? लगता है, सब कुछ अनुत्तरित ही छोड़ देगा। पता नही इस याजना क हल के आकड़ याजना आयाग के गोदाम म टना कागजा के नाच पड़े रह जाएगे और कद्रीय राजधानी म सैकड़ा किलोमीटर दूर गोगुदा तहसील स छ किलामाटर दूर आवरा कला म कई कशा या सपना सच हान का उम्मीद म दम ताड़ देंगे।

"राजधानी स सयुक्त सचिव मूर्ति साहब उनक लिए मदद भेजगे इस प्रतीक्षा म जावन गुजार दग। अकाल इस गरीब का पीछा नही छाड़गा। बार-बार बिन न्यौत पाहुन की तरह निर्लज्ज हाकर लौट आएगा यह अकाल। फिर कई कशा या लड़गे अकाल स। लड़ग भूख से। लड़गे अपने भाग्य से।" सुधाकर सवेदनाआ से भर उठता है। "यही सब नसीब मे लिखवाकर लाया है यह आदिवासी। फिर मत्रिया क दार शुरू हाग। फिर अखबारा क सवाददाता उनक साथ-साथ घूमते दिखगे। भाषण छाप जाएगे। भारी भीड़ के बीच नेताजी का चिताग्रस्त चेहरा। नाटक यही हाता रहा है, हाता रहेगा।"

"हमन पूरी तैयारी कर ली है। अकाल स किसी को मरने नही दिया जाएगा। हर तहसील मे दस-दस चोरी अनाज की व्यवस्था कर दी है।"

"जहा जरूरत है, वहा अकाल राहत कार्य खाल जा रहे हैं।"

फिर एक दिन सर्वेक्षण दल दौरा करने आएगा। फिर सैकड़ा हजारा केशा वाआ म वही सवाल दोहराए जाएगे।

"केशा य क्या है ?"

"हुजूर य कोठिया हैं।"

'क्या काम आती हैं ?"

"हुजूर अनाज भरते हैं।"

"अभी कितना अनाज भरा है ?"

केशा ढक्कन खाल देता है—"देख ल होक्म। अभी तो ये खाली हैं हुजूर।'

'वरी डजरस। हालात वाकई बहुत खराब हैं। कुछ करना पड़ेगा।" फिर वे आश्वस्त करग—"कशा सरकार तुम्हारी मदद जरूर करेगी। चिंता मत करना। कशा आर कोई प्रॉब्लम ? और कोई तकलीफ ?"

केशा—"हुजूर! मेरी जमीन बाध म डूब गई। धरती पुत्र हू। उसके बिना कैसे जीऊगा ?"

"हम सब पता है। तुम्हारी पुरानी फाइल म सब नाट है। कुछ करगे इस बार।"

और फिर दल-बल सहित काफिला रणकपुर पहुच जाएगा। साहब का लच यही है।

साहब रणकपुर की मूर्तिकला से अभिभूत हो उठगे—"वाह! क्या खुदाई है। लगता नही कि ये इसान के तराश हुए हैं। लगता है रातो-रात दवदूतो ने बनाकर खडा कर दिया हो।"

जब आदमी क पेट म स्वादिष्ट मिष्ठान्न भरे हा तो कला-मीमासा अच्छी कर लता है। भूखे पेट मे वही कला भाटे जैसी लगती है। वास्तव मे साहब ने इतना अच्छा आर्ट पहले कभी देखा नही।

रणकपुर की विश्व-प्रसिद्ध कला को देख साहब सब-कुछ भूल जाएगे। दिल्ली जाकर भूल जाएगे कि ओबरा कला के केशा बा को एक सपना दिखाया है और बेचारा केशा उस सपने के सच होने की आस मे बरस-दर-बरस गुजार दगा। दिल्ली के बड़े साहब ने कहा है—झूठ कैसे हो सकता है ?

"दिल्ली पहुचते ही पति से लिपटती हुई श्रीमती जी पूछेगी—"कैसी रहा राजस्थान यात्रा ?"

"वडरफुल। रणकपुर तो बहुत ही सुदर है। गजब की जगह है। कला का अद्‌भुत सगम। वेरी नाइस। तुम साथ होती तो और भी अच्छा लगता।" साहब जवाब देगे।

और साहब भूल जाएगे कि राजस्थान अकाल से जूझ रहा है।

पशु-पक्षा प्यास से मर रहे हैं।

चापाया को चारा नसीब नही है।

आदमी भूखा है।

राजस्थान के लाखो केशा बा अपनी भूख की गणित के सवाला का हल खोज रहे हैं और उत्तर हैं कि गुम हो गए हैं। मिल ही नही रहे है।

उत्तर मिले न मिले हल निकले न निकले। भूख का सवाल तो उसी तरह खड़ा है। सुबह होते ही केशा बा का बच्चा मागेगा—"मा भूख लगी है रोटी दे।"

शाम होते ही बच्चा मागेगा—"मा भूख लगी है रोटी दे।"

फिर-फिर वही सवाल करगा और कशा बा की उम्र बीत जाएगा भूख का सवाल हल करने म।

कराब पाच बजे का समय रहा होगा। एक मजद[illegible] [illegible] का बुलाने आया—"साहब होकम, मिस्त्री जी तातेड़ साहब रे क[illegible]"

'तुम चलो मैं आ रहा हू।" [illegible] काम [illegible] पहुचा। मिस्त्री इजन खाल बैठा था। हाथ-[illegible] से

"क्या बात है रामा ? क्या

साहब कुए म पानी बहुत पैद

बोर एरिय तक पानी पहुच नहा पा रहा है। बताइए क्या करू ?"

"इस इजन से पानी जहा तक पहुचे वहा एक खड्डा खुदवाओ।" सुधाकर ने कहा।

वहा पर एक इजन और लगवाओ जो उस खड्डे से बोर एरिये तक पानी लिफ्ट करेगा। तो फिर हो जाएगा ?"

"हा, हाकम! आज ही नवला गमती के कुए पर जो फालतू इजन पड़ा है ले आता हू।"

"ठीक है कना या को साथ लेते जाओ। मान जाएगा।"

इसी बीच कना पिता उदा आया। कहने लगा—"साहब होकम राम राम। आपसे एक अरज करनी है।"

"हा, हा, बोलो। क्या कहना चाहते हो ?"

कना ने सर पर बधे फटे को खोला। एक बड़े-से पत्थर का हाथ से साफ किया। धुला हुआ फटा उस पर बिछाया।

"साहब होकम, इस पर बिराजो।" हाथ जोड़कर कना ने कहा।

मगर सुधाकर फटे पर बैठा नहीं। कना ने जेब से कागज निकाला। सुधाकर कागज ले पढ़ने लगा। पत्र टूटी-फूटी भाषा में आड़े तिरछे शब्दो में लिखा था—

"साहब होकम— राम-राम! आप मेरा खेत खण (खाद) रहे हो। मैं गरीब गमेती हू। मेरे पास इस खेत के अलावा दूसरा खेत कही नही है। म्हारा बाल-बच्चा ने जिंदा राखवा ने या ही जमीन है। अगर आप म्हारा खेत खादणो बद नी करेगा तो म्हे पेला (पहले) म्हारा बाल-बच्चा ने मारूगा पछे म्हू और म्हारी लुगाई भी मर जावागा। आप इण गरीब ने बचावा चाहो तो खेत खोदणो बद कर दो।"

सुधाकर चिट्ठी को एक बार, दो बार और बार-बार पढ़ता गया— इस सामूहिक डेथ डिक्लरेशन पत्र को। सामूहिक आत्महत्या के जबरी एलान को।

सुधाकर कन्ना के चेहरे के भावो को पढ़ता रहा। उत्तर दे, तो क्या दे ?

सुधाकर को कभी भी साबका नहीं पड़ा इस तरह के सामूहिक आत्महत्या के पत्र से। कभी हल नही किए ऐसे प्रश्न-पत्र ? कभी आख चार नही हुईं ऐसे प्रश्नकर्त्ता से। कभी घराव नहा हुआ इस तरह।

शाम धीरे-धीरे घिरती जा रही थी। सुधाकर रहट पर बैठ गया। उसे लगा रहट का खटुकड़ा (ब्रेक) कना ने उठा दिया है और बड़ी तेजी से रहट उलटा घूम रहा है।

सुधाकर को चारो ओर धरती घूमती लग रही है। कभी लगता, वह अथाह गहरे कुए मे डूब रहा है। निकलने को छटपटा रहा है। कोई रास्ता नही दिखाई दे रहा है।

कभी लगता है कि यह धरती बहुत छोटी है। यह धरती वास्तव मे बावन

अगुल की ह जिस वामन अवतार ने ढाई पाव मे नाप लिया है। तभी तो तहसीलदार परेशानी म हे।

केशा, देवा और कना का जमीन दे तो कहा स द ? वह तो ढाई पाव ही है। आधा ओर होती तो भगवान विष्णु का आधा पाव बलि राजा क सर पर रख पाताल नही नापना पड़ता।

हर बार पमट ड क दिन जब भी तहसीलदार या प्रधान साहब आते हैं, य लोग अपना प्रार्थना-पत्र देते हैं।

साहब लोग पत्र ले आश्वासन देकर चले जाते हैं।

देवा, केशा कना को डर है कि जिस दिन अकाल राहत कार्य बद हो जाएगे उस दिन के बाद तो ये लोग नही आएग उस दिन क्या हागा ?

केवल सरपच आएगे। उनका ता अपना घर ही आबरा है। जब तक उनका कोरम पूरा नही होगा व कर भी क्या सकते हं ? अकेले उनक बस मे है ही क्या ?

कितने विवश हें बेचारे सरपच बिना कोरम करे तो क्या करे ? कैसे कर ?

फिर इन बेदखल लोगो को जमीन दना तो बहुत बडा मसला है। इस सवाल को सुलझाना उनक बूते की बात कहा ? फिर भी आश्वासन दे ही रखा है। उसी पर जिंदा है य लाग।

× × ×

बार एरिया से कई दिनो स लाग शिकायत कर रहे थे। इधर डम साइट में हा इतने झमेले रहते कि सुधाकर जा ही नही पाता। आज जाकर उसने मिट्टी के लिए नई जगह दिखाई। मिट्टी म वहा दर भी खूब था और ककड-पत्थर भी नहीं थे। सब मजदूर कुलियो का खुशी के मारे हाल ही बेहाल था। खुशी थी आज बाबूजी आए है उन्ह सभालने।

विवाहित व अधेड़ महिलाए अक्सर घूघट की ओट कर लेती। किसी बात का उत्तर देने के लिए विवश हाना भी पडता तो युवा कन्याओ के माध्यम से दे देती।

सुधाकर ने खड़े-खडे ही कुलिया का गिना। उन्नास थी। हानी तो बीस चाहिए। एक कम हो सकती है। एक सुबह मे ही अनुपस्थित हो।

वह ऑफिस आया। कहते हैं कि शक का अकुर जब फूटे उसे तब ही मसल दो। उसे बडा होकर पेड़ बनने पर मिटाना आसान नही। उसने मस्टररोल खोला। देखा पूरी बास थी। एक कहा गई ? कैसे गई ? क्यो गई ? कई सारे प्रश्न-दर-प्रश्न प्याज क छिलका की तरह खुलते गए। लकमा मेट की पुकार मची।

लकमा कहा है ? खबर बेतार के तार की तरह एक से दूसरे फिर तीसरे तब पहुचती गई।

'लकमा जल्दी आ आज बाबूजी नाराज हं।'

"लकमा, जल्दी भाग साब गुस्से में हैं।"

साच म डूबता-उतराता लकमा ऑफिस मे भागा आया। साहब और गुस्सा यह हो ही नही सकता। आज दिन तक बाबूजी का गुस्स मे देखा ही नही। आज कैसे तूफान आ गया। आते-आते अत मे उसने सोचा—"जरूर। जरूर ही काई गडबड है।"

लकमे ने हाफते हुए कहा—"साहब होकम याद किया ?"

सुधाकर ने मस्टररोल सामने रखा—"कितनी है—कुलिया की सख्या ?"

"बीस होकम।" लकमा न कहा।

"साइट पर उन्नीस ही हैं। एक कौन कब से कहा गायब हे ?" पूछा सुधाकर ने कड़कर।

"मुझ सब पता है, हाकम। मैं वही गया था, हाकम। शाम को मैं आपको खबर करने वाला ही था।" लकमा न राज खाला।

"ठीक है बोलो ?" सुधाकर जानना चाहता था।

लकमा ने चारा ओर नजर घुमाई। राज की बात अवाछित तत्त्वा के सामने नहीं करना चाहता था। सुधाकर भी समझ गया।

"होकम जो काम छाड़कर आया अभी अधूरा है।" लकमा न बात टाली।

"ठीक है अभी जाओ। काम ठीक से पूरा करके आना।"

सुधाकर सब समझ गया।

"घणी रुपाली बात है हाकम। काम म भूल नी पड़गा।" लकमा ने अपने सदाबहार तकिया कलाम सुनाते हुए कहा।

पास खड़े लोग किसी बहुत बडे रहस्य के उद्घाटन की खबर म कान लगाए खड़े थे। उन्हे निराश लोटना पड़ा।

पता नही क्या बात हे ? कुछ न कुछ तो है जरूर।

सुधाकर और लकमा छुपा गए हैं। कोई बात नही ? जणने (पैदा करने वाल) वाली कब तक छिपाएगी ? एक दिन ता सामने आएगा ही।

सबके चले जान के बाद लकमा आया। सुधाकर समझ गया।

दाना बात करते-करते एकात मे दूर बाध के किनारे निकल गए। आसपास हवा म खबर सूघने वाला काई नही था। लकमा ने धीरे-धीरे पर्दा उठाना शुरू किया।

"साहब बहुत दिना से मेरी नजर है इन पर। इस गाव की चम्पा और उस गाव का राजू। ट्रैक्टर पर जाएँगे तो साथ। बाध पर काम करेगे तो साथ। दाना मे खिचड़ा पक रही है। प्यार का खेल चल रहा है।" लकमा ने कहा।

"हू" सुधाकर गभार हो गया।

"मेरी नजर हमेशा दोना पर है, होकम। ट्रैक्टर मे गाना गाते हुए आते है तो चम्पा गाएगी उसका जवाब राजू देगा और जो राजू गाएगा उसका जवाब चम्पा

देगी।'' लकमा ने उदाहरण दिया।

''अच्छा!'' सुधाकर चिंताग्रस्त होन लगा।

''बात यहा तक होती तो ठीक था होकम ।'' लकमा न भेद जारी रखा।

''ऐसा क्या हो गया ?'' सुधाकर खुलासा चाह रहा था।

''कल भी लच टाइम मे पहाड़ी के इस पार से चल चम्पा और उस पार स निकला राजू। हाकम दाना पहुच महुए क पाछे। मं हैरान। मैं दीवाल को आट से खखारा। मरी खासी की आवाज सुनकर एक इधर दूसरा उधर। जो जिधर से आया था वो उधर ही लोट गया।'' लकमा ने कहा।

''और आज ?'' सुधाकर न पूछा।

''आज भी वही हुआ। दोना गायब। वही महुए का पेड़। दाना के अपने-अपन लच बॉक्स खुले हुए थे और राजू चम्पा को चम्पा राजू को खिला रही था।''

''चम्पा किसकी लडकी है।'' सुधाकर ने पूछा।

''स्वर्गीय ।'' लकमा ने फुसफुसाकर कहा।

''हू, और राजू ?'' सुधाकर ने फिर पूछा।

''खुर्द के ।'' लकमा भेद भरे स्वरा म बोला।

''दोना के मिलन म रुकावट क्या है ?'' सुधाकर न जिज्ञासा की।

''कला म हा दाना खानदान एक साथ रहत थ। उनकी जमीने भी साथ-साथ था। एक दिन बड़ी हवेली वाले के दिल म पाप समा गया। रात को खेत म सोए हुए मोहन का गला घोट दिया। कोर्ट-कचहरी हुई।'' लकमा ने भेद खोला—''राजू के पिता गाव छोड़ गए। अब दोनो घरा मे खानदानी दुश्मनी है सरकार।''

''इस बात का क्या चम्पा आर राजू को पता नही है ?'' सुधाकर ने पूछा।

'सब पता है सरकार। दोना चाहत हं कि हमारे प्यार से दुश्मनी मिट जाय।'' लकमा का उत्तर था।

''कैसे सभव है ?'' सुधाकर हेरान था।

''ये नादान तो ऐसा ही सोचते हैं सरकार। उनका प्यार नही तो उनकी कुर्बानी ही। शायद दोना परिवारो को मिला दे।'' लकमा न कहा।

''नादान बच्चे क्या समझ यह दुनिया कितनी निर्दयी है।'' सुधाकर न अपना निर्णय सुनाया—''उन पर बराबर नजर रखते जाओ।''

लच समय खत्म हो हुआ था। सभी लाग अपने-अपन काम पर लौटने लग थे। ट्रैक्टर वाले मारवाड़ा लोग भी अपन-अपने ट्रैक्टर के साथ बोर एरिय मे पहुच गए थे। आपस म ट्रैक्टर वालो मे जारदार होड़ लगी रहती। कौन जल्दी-से-जल्दी पच्चीस ट्रिप पूरे करता है। जिसके ट्रिप पहल हाग उसकी ... ले। उसकी लेवर भी जल्दी छूट कर घर का काम निपटाएगी और ... कर डरे म सुस्ताएगे। अलग-अलग ट्रक्टरा पर ... रहती हैं। जब भी चे बाध म घुसकर नीचे —

जाती। एक तो उतार दूसरा कपटीशन म खाली कर वापस जाने की जल्दी होती। वहीं रास्ता सकरा हाने पर कई-कई बार दा ट्रैक्टर आने वाले और एक लौटने वाला आपस म टकरात-टकराते बचते। सुधाकर उन्ह कई बार आगाह कर चुका कि देखो ढलान आत ही स्पीड कम कर दो, वरना कभी ट्रॉली उलटन का खतरा है। मगर हर अच्छा बात पर ध्यान कौन दता है ?

सिगरेट पर कितनी ही वैधानिक चेतावनी भले ही लिख द। "सिगरेट पीना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।" मगर मानते कितन लाग ह ?

फिर सुधाकर का कहा मान लेते ता हानी कैसे टलती ? वह तो हानी ही थी।

× × ×

जैस ही शिवराम का ट्रैक्टर तासरा ट्रिप लकर आया ज्या ही बाध एरिया के उतार म तजी स उतरन लगा, मिट्टी क बड़े-बड़ ढला म ट्रक्टर धड़धड़ाया कि मिट्टी पर बैठी परथा की पत्नी कमला धड़ाम से गिर पड़ा। जैसे हा उसका गिरना था कि चारो आर शोर मच गया। बाध एरिया और बार एरिया की लेवर इकट्ठी हो गई।

सुधाकर भाग कर पहुचा। मौके की नाजुकता को भापा। लागा का कहकर कमली को चौकी पर लाकर कशा ना चाकीदार की काठरी पर सुलवा दिया। अपन पास जा भी फर्स्ट एड बॉक्स म पनकिलर थी तुरत गरम दूध क साथ दी। भाड़ का ऊपर आन स मना करवा दिया। कुछ लोगा का गुस्सा मारवाड़ा ट्रैक्टर ड्राइवर शिवराम पर था।

"वा इतनी तेजी से चला ही क्या रहा था ?"

"साला बदमाश है!"

"हम गरीवा को मारने पर तुला है।"

"उन्ह हमारी जान की परवाह थोड़े ही है, उन्ह तो उनक ट्रिपा की परवाह है।"

"गरीब मरे या जिए उनकी बला से।"

"कल स काम बद कर दा।"

"कल क्यों आज अभी स।"

जितने मुह उतनी बात। वातावरण बिगड़ने लगा।

कुछ लागा को मजा जलती आग म घी डालने स आता है पानी से नही।

सुधाकर को समझते देर नहीं लगी कि यह जगल की आग है तुरत नही राकी तो सभालना मुश्किल हो जाएगा।

सुधाकर की आखे भीड़ में लकमा को खोजने लगी। लकमा का छोटा भाई कन्ना नजर आया।

"कन्ना लकमा कहा है ?"

कन्ना न वहीं स सुधाकर को हाथ से इशारा किया। सुधाकर तुरत समझ गया

कि कुछ राज की बात है।

वह फिर मुडकर कमली को देखने चला आया।

कमली होश मे थी।

गिरने से शरीर मे मसल्स मे चोट आई थी। कमली को खड़ा कर, हाथ पकड़कर चला कर देख लिया था। फ्रेक्चर की कोई सभावना नही थी। थोडी देर मे लकमा एक व्यक्ति को साथ लेकर आया।

"साहब होकम ये परथा भाई ह। कमली का आदमी। कारीगर है। एक जगह बुनाई कर रहा था। बुला लाया। मेरा सगा ही है। इसके बटे को अपनी बेटी दूगा। बात पक्की हो गई ह। दस्तूर बाकी है।" लकमा एक सास म सारी रिपोर्टिंग कर बेठा।

सुधाकर को अब कोई चिता नही।

उसे लगा उसके सिर पर से एक मन बोझ की शिला लकम ने तिनके की तरह उतार दी। सुधाकर के साथ इस बाध पर लकमा जैसा आदमी नही हाता तो क्या इतने बडे प्रोजक्ट का वह हंडल कर पाता ?

पर आज तो गजब ही हो गया। लकमा भगवान बनकर उतरा। सुधाकर इसके पहले ढेरो बुरी-बुरी कल्पनाए कर चुका था। कुछ ने कहा भी था—"बाबूजी गमेती का वेर बहुत भारी पडता है।"

सुधाकर ने तुरत निर्णय लिया।

"लकमा तुम परथा भाई और दो तुम्हार भाइया को साथ लेकर कमली को गागुदा जाकर डाक्टर को दिखा लाओ। ये पाच सौ रुपये रख लो। डाक्टर और दवा क खर्च के बाद जो बचे घी गुड बादाम खरीद लाना। बदन की मार निकल जाय उसके लिए भी कुछ दवाए लते आना। कुछ रुककर लकमा का कहा—"कमली का यह कहना कि जब तक ठीक नही हो जाय आराम कर। और कोई बात हो तो तुरत मुझे खबर करना।"

"घणी रपाली बात है, होकम। आप नेम (जरा-सी) चिंता नहीं कर।"

ट्रैक्टर म सब गागुदा रवाना हो गए। जा वातावरण बिगाड़ने के बड़े-बड़े मसूबे बाध हुए थे व सब फुस्स हो गए। लोगा ने परथा को बहकाने के काफी प्रयास किए मगर परथा दृढ रहा।

"इसम बाबूजी की क्या गलता ?"

"ट्रैक्टर पर ढीले हाकर बैठगे ता गिरना होगा। बाकी कोई कुली क्यो नहीं गिरी ?"

"ठाक है मजूरी करगे ता ऐसा-वसा तो हागा। आर फिर बाबूजी इलाज करवा रह हैं तो किस बात की चिंता है! आप लाग अपनी-अपनी चिंता करा। मेरी घरवाली की चिंता मुझ है ?'

"हम ता परथा तरी भलाई ही की बात कर रहे थे।"

"मरी भलाई की फिकर मैं ही करूगा। भलाई का साचना है, ता ओबरा बाध की साचो। इसके पूरा हान म ही अपनी भलाई है। आज दिन तक कई साहब आए और गए। किसन चिंता की आबरा बाध की। किमी को चिंता होती तो दस साल पहले ही तैयार हो जाता। अपन करम का आड़े भाट मत दो। कमली को आज पड़ना ही लिखा था तो यहा नही पड़ती घर म पड़ जाती फिर ? कौन इलाज करवाता ?"

रग म भग डालने वाल भुनभुनाकर चल गए। "मूरख कही का थाड़ा अड़ा रहता तो पाच-दस हजार झटक लता। हमारा क्या ?"

सुधाकर साच रहा था—"भगवान दिखता नहा है मगर है जरूर।"

रविवार का कशा वा रात का जब खाना खाने जात ता कभी लौटकर आत और कभी-कभी नही भी आते। नहा आत उस दिन देवला आर हूड़ीलाल चाकी पर रह जात। मगर आज केशा या लौट कर आए तो बड़ चिंताग्रस्त थे।

गाव म देवता था आर कशा वा वहा के भोपा जी थ। चौकी हाती है। भाव म आए देवता दु खी गाववासिया को रास्ता दिखात। चलोगे तो तुम्हारा काम होगा। नहा चला ता तुम्हारा करम।

आज परथा की बींवी कमला के गिरने की किसी ने पूछ कराई। जवाब मिला—

"जटा तक देवता रो ठकाणो नी करागा बढ़ा तब उसा चालगा।"

आते ही कशा वा न बता दिया—"बाबूजी काम टालवाऊ ना टले। काम ता करणा ही पड़गा। हाल ता कई नी व्या (अभी तक ता कुछ नही हुआ है) आग हमारणा भारी पड़ेगा (आग सभालना मुश्किल पड़गा)।"

सुधाकर के लिए अब जरूरी हा गया था कि आदिवासियो के लोक दवता की स्थापना करना। वरना वहम म डूबी यह अपढ़ काम क्या-क्या नतीजे निकालती रहगी ? इनकी आस्था की तुष्टि भी अपना एक महत्त्वपूर्ण स्थान रखती है।

सुधाकर ने कना बा-माली, राड़ा बा-राजपूत लकमा और पाच-दस मोतबीर आदमिया को इकट्ठा किया। सबसे मत्रणा की।

सुधाकर ने साफ कह दिया—"मं मीठी पर सादी म जैसा कहोगे कर दूगा। मगर कान खोलकर सुन लो बलि खून-खराबे जैसी कुरीति कभी नहीं होने दूगा।"

"हाकम। देवता रो काम वई सके।"

"बलि नहीं मागता देवता। समझे।" सुधाकर न कहा—"बलि के नाम पर मास भक्षण गाव वाले कर यह अनुचित है।"

"अनुचित, उचित क्या ? देवता मनाने के काम म साब होकम आप बाधा मत डालो सा।"

"बलि नही होने दूगा।"

"गाव की रीति है होकम।"

"ठीक है आप लाग जिद पर ही अड़े रहोग तो मैं बाध छोड़कर चला जाऊगा।"

"नही, होकम नही। ऐसा नही होने दगे।"
"आप बे-फिकर रहे। सब काम शाति से हो जाएगा।"
"मगर रास्ता क्या है ? जिनका इशारा बलि से है ?"
"सब खेड़ा देवी पर छोड़ दो।"
"मगर वहा भी मामला उलटा हो गया तो ?"
"उन लोगो की शह मिल जाएगी।"
"पाती उनके हक मे पड़ी तो ?"
"हम चाहेगे वही होगा। उलटा हर्गिज नही होगा।"
"इस बार पाती नही, भोपाजी का हुकम चलेगा।"
"इस रविवार को फैसला हो जाएगा।"

सुधाकर आश्वस्त हो गया। जब लकमा और रोड़ा बा कह रहे हैं तो जरूर कोई दाव-पच उनके पास है। अब रविवार म दो ही दिन तो बचे हैं।

सुधाकर कभी-कभी तो बहुत दु खी और परेशान हो जाता। रात को खाना खाकर परथा के यहा गया था।

परथा ने अपनी झोपड़ी के आसपास केले के पेड़ लगा रखे थे। चारा ओर सुदर वातावरण बना रखा था। उसे अच्छा लगा। कमली खाट पर सो रही थी। दर्द ठीक था। कल से ही काम पर आने को कह रही थी। लेकिन वह मना कर आया।

कहा—"सोमवार से आना। साहब ने कह दिया है। रविवार तक की हाजिरी के भी पैसे मिल जाएगे।"

रविवार को माताजी के मदिर पर काफी भीड थी। आज भी एक महत्त्वपूर्ण फैसला होना था। सुधाकर चौकी की जिम्मेदारिया दीपा को सौंपकर गाव म चला आया।

जिस दिन भी वह गाव मे जाता छोटे-बडे सबकी भीड लग जाती। हर आदमी चाहता कि साहब उनके घर रुके। उनके बाबूजी आए हैं। कोई चाय बना लाता। कोई छाछ की मनुहार करता। कोई थेला भर कर आम दे देता। मगर आज सुधाकर कही भी रुकना नहा चाहता था।

जो रास्ते मे मिल गए उनसे राम-राम करके सीधा मदिर पहुचा। मंदिर मे सुधाकर का ही इन्तजार हो रहा था। जैसे ही सुधाकर शीश नवाकर सम्मुख बैठा भोपाजी ने अपनी कार्यवाही प्रारभ कर दी।

पूजा-अर्चना करते ही भोपा जी को भाव आने लगा। भाव आते ही नगाड़ा की ध्वनि दूर-दूर तक जाने लगी। घरो मे बैठे लोगो ने अदाज लगा लिया कि आज कोई विशेष बात है। भाव आते ही भोपाजी न साकले उठाई और धचाक-धचाक लगे पीठ पर मारन।

सुधाकर बराबर साकला को उठाकर एक विशष अदाज और विशष एगल से पीठ पर मारने की कला और प्रैक्टिस को देख रहा था। साकल झनझनाकर आवाज

ा कर खूब मगर वार करे हलके से।

उसे क्या लेना-देना इन बाता से! आज जिस काम से आया था उसे पूरा करना था।

भोपाजी ने दो-चार बार खनखनाकर साकल माता के सामने रख दी। एक घुटना मोड़कर बैठ गए। दूसरे खड़े आधे मुड़े घुटने को निरतर एक लय म हिलाते जा रहे थे। मार पखा का झाड़ प्रश्नकर्त्ता के सिर पर स्पर्श करते हुए कहते—"जा तेरा काम हो जाएगा। तेरी विजय होगी।"

हजूरिया कहता—"धोक लगा माताजी क और बाद मे भोपाजी के।"

एक-एक कर नियमित के दर्दी निपटते गए। भापाजी ने किसी को तीन महीने बाद किसी को एक महीने और किसी को एक सप्ताह बाद आने को कहा।

फूल और चटक और सिंघाड़े की सेव प्रसाद म देते जाते।

हजूरिया एक पुड़िया मे भभूत दे देता। किसी-किसी को अभिमत्रित नौ गाठ लगा हुआ काला धागा देता। चरणामृत पीने को देकर बाहर भेजता जाता।

सुधाकर भी सभी पूजाक्रम देखना था सो अत तक रुकना चाहता था। जब सभी जात्री निपट गए तो सुधाकर को भोपा जी क सामन बैठन को कहा।

भोपाजी बोले—"क्या बात है मन म कोई बड़ी चिंता है ?"

हजूरिया—"बोलो साहब है या नही ? जवाब देते जाइए।"

सुधाकर ने कहा—"हा चिंताए तो ढेरो हैं।"

"बाध को लेकर है ?" भोपाजी ने पूछा।

"हा, यहा तो सभी बाध को लेकर ही है।" सुधाकर ने स्पष्ट किया।

"बाध के भाग्या जी को लेकर है।" भोपाजी ने स्पष्ट किया।

"हा आप सही कह रहे हैं।" सुधाकर ने उत्तर दिया।

"वैशाखी पूर्णिमा को उत्तर दिशा की पहाड़ी पर देवता की स्थापना कर दे। मन में कोई दुगदुगा (सशय) मत रख।"

"महाराज! बलि नही दूगा।" सुधाकर ने कहा—"और न बलि होने दूगा। चाहे मुझे कुछ भी करना पड़े।"

भोपाजी को भी सुधाकर क स्वर की दृढ़ता ने बाधा। वे बोल—"देवता को लहू नहीं चाहिए। मीठी परसादी करना।"

"हा वह करूगा महाराज वही करूगा।"

"जानवर के भी जी है रे। वो भी भगवान का पैदा किया है। उसे मारकर देवता कैसे राजी होगा रे ?"

"अण बोली आत्मा (बिना बोली आत्मा) का जीव लेकर देवता कैसे राजी होवेगा ?"

"भूल जा। कोई बात नही। कोई लोही नही छावे। धूमधाम से परसादी कर दे। तेरा बधा इसी साल भर दूगा रे। जानवर प्यासे मरते हैं रे। मनख तो कही भी पी

लेवे, पशु कहा जाव र ? जा मजा कर। काम जल्दी खतम करा। इण सात इदा राजा वेगा पामणा वेगा र।"

गाव वाले खुश हा उठे।

"माताजी की जै" "माताजी की जै", "खड़ा देवी की जै" के नारे गूजने लगे चारा ओर।

सुधाकर न माताजी को शीश नवाया। इक्कीस रुपय भेट किए।

मंदिर स बाहर आया। सब गाव वाला को प्रणाम किया और कहा—"माताजी बडी चमत्कारी हैं। आज असली परचा दे दिया।"

"आज ही क्या हाकम! हमशा दती है। हम तो इसी क आसरे हं।" गाव क एक बुजुर्ग ने कहा।

"मुझे माताजी का आदश स्वीकार है। वैशाखी पूर्णिमा को बाध के भौम्या के स्थापना कार्यक्रम मे आप सबको पधारना है। आपका काम है।"

"जैसा आप चाहग वैसा ही हागा।"

× × ×

पूर्णिमा से पहली रात रात्रि जागरण का कार्यक्रम प्रारभ हुआ। सारे गाव के लागों ने उत्साह से भाग लिया। राशनी के लिए कड़वे तल के दिए जला दिए। भजन मडिलयो ने एक के बाद एक भजना का ताता बाध दिया। लोक-देवता का स्तुति के गीत गाए जाने लगे—

हे! लोक देवता,
तू ही हमारा रक्षक है
हम सब तेरे बालक ह
तरे सिवा हमारा कोई आसरा नही
हमारे पशुआ पर तेरी ही दया है
हमारे खेतो म तू ही अन्न उपजाता है
तेरे किरपा बिना हम असहाय हैं।
हे लोक देव इन पेडो म फूल और फल तू ही लगाता है।
पूरे गाव पर अपनी छाया रखना
हमारे हर काम म आगे रहना
ह तारन हार! हमारे कष्ट निवारण करना।
हम ता नादान और मूरख ह
हमसे तो गलतिया होना स्वाभाविक है
उन्ह क्षमा करना तेरा काम है।
पापियो को पाप से बचाना प्रभु।

दूसरे दिन शुभ मुहूत म बाध क पट म स छाटी-सी पालकी मे देवता की सवारी को बिराजा गया। एक आदमी आगे-आगे गगाजल के छींटे देता जा रहा

था। झालर-डके बजाते जा रहे थे। पीछे-पीछे नर-नारी भौम्याजी बावजी की जयघोष करते जा रहे थे। ज्या ही सवारी पहाड़ी पर पहुची, ढाल नगाड़ा के धूम-धड़ाके और जोर से बजने लगे।

आसपास के कई भापाजी आए थे। सबने मत्राच्चार के साथ भूमिपति लोकदेव की स्थापना की। धूप-अगरबत्ती की खुशबू से वातावरण महक रहा था। धड़ाधड़ नारियल फूटने लगे।

सुधाकर ने दवता के मंदिर के लिए पाच सौ एक रपये की घोषणा की। फिर क्या था, घोषणाओं का ताता बध गया। तीन सौ एक, एक सौ एक इक्यावन इक्कीस जिसकी जैसी हैसियत बालता चला गया। ग्राम-पच एक डायरी म बोलने वालो क नाम के आगे रकम चढ़ाते जा रहे थ।

स्थापना के बाद दवता पर फूलमाला चढ़ाने के लिए एक ओर पुरुपा की दूसरी ओर महिलाआ की कतारे लग गईं। रुपया-दा रुपया, पाच-दस चढ़ान वाले भेट बक्से म डालते जा रहे थे। बडा ही भव्य आयोजन हो रहा था।

दोपहर हो चुकी थी। बहुत बड़ी कढ़ाई म पूड़िया निकलना चालू हो गया। नुगती रात को ही बना ली गई। जो भी आया था वह प्रसाद लेकर जा रहा था। सुधाकर बराबर ध्यान रखे हुए था कि काई भी बिना प्रसाद लिए न जाए।

जो लोग बलि क पक्ष म थे वे भी इतना भव्य आयोजन दखकर सोच रह थे कि अगर छिप-छिपाकर बलि कर भी देते ता इतना सुदर आनद नही आता। इतने लोग भी इकट्ठे नहीं हो पाते। जीव हिंसा भी होती और बदनामी होती वह अलग। चलो देर से ही सही उनकी आख तो खुला।

सुधाकर को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली। ओबरा के ग्रामवासिया की आखो स अधकार की पट्टी तो खुली। सदिया से ये लोग कितने भ्रम म जीते आ रहे हैं। बकरे की बलि चढ़ा दो। पकाकर खा जाओ। सब अच्छा हो जाएगा। कैसे हा जाएगा ? खाना है तो वैस ही खा रहे हो। उसमे देवता को शामिल करने से कैसे उद्धार होगा ? बदनामी दवता की जीभ का स्वाद और क्षुधापूर्ति अपनी। बहुत हो गया। अब नही चलेगा। और नही होगा। राकना होगा यहीं और सुधाकर ने यह कदम उठा ही लिया सफलता के साथ।

एक दिन सुधाकर ने लकमा से पूछा—"क्या रे लकमा उस दिन तेरी माताजी भी बलि के लिए कह दती तो क्या होता ?"

"होकम कहती कैसे भोपाजी को हमने पहले ही पढ़ा लिया था मीठी परसादी हो ?"

"घणी रुपाली बात है लकमा।' आज सुधाकर को कहना पडा।

× × ×

सूर्यदेव उदय होने की तयारी पर थे। जगदाश ने चाय का गिलास बाबूजी के हाथ में लाकर दिया। जैसे ही उसने पहला घूट भरा बोर एरिया से बाध एरिया की तरफ

आते हुए रास्ते पर दो अनजाने साइकिल सवार लोग नजर आए। सुधाकर सोच ही रहा था कि इतनी सुबह कौन आ सकता है। एक के सर पर लहरिया पगडी थी। दूसरा नगे सर और पैंट शर्ट म था। पगड़ी वाला स्थानीय वेश-भूषा म था।

चौकी पर आते ही एकदम चिल्लाया—"वो रही। सेल अमीन साहब वो रही।"

गाड़ी की तरफ इशारा किया।

सुधाकर को माजरा समझ नही आया। ये लोग कौन हैं ? और गाड़ी से क्य लेना-देना है ?

सुधाकर न पूछा—"आप लोग कौन हैं ? क्या चाहते हैं ?"

"जी मै उदयपुर कोर्ट से आया हू। सेल अमीन हू।" सेल अमीन ने कहा।

"म देवा से पाच सौ रुपये मागता हू। ये गाड़ी कुर्क करने आया हू।"

"आइए। बेठिए। जगदीश जी दो चाय और लाना।" सुधाकर ने आवाज दी

"अरे, होकम। चाय की क्यो तकलीफ कर रहे हैं ?" सेठ जी न कहा।

"अरे सेठ सा, आपके घर आएगे तो क्या आप चाय पिलाएगे ?"

"जरूर होकम। क्यो नही पिलावेगे ?"

"तो फिर यहा पीने मे क्या हर्ज है ? मैं पी रहा हू, इसलिए मनुहार करन मेरा फर्ज है।" सुधाकर ने चाय का एक-एक कप दोना को देते हुए कहा।

"हा, तो सेठ सा। देवा ता गाव म गया हुआ है अभी बुलवाते हैं।"

"कोई बात नही, होकम। वह नही आए ता भी फर्क नही पड़ता। मुझे तो बड़ी गाडी कब्जे करवा दीजिए।" सेठजी ने कहा।

"सेठ साहब, गाड़ी आपको कैसे मिल सकती है ?" सुधाकर ने कहा।

"क्यू ? क्यू नही मिल सकती। कोर्ट की डिग्री है मेरे पास।"

"होगी। इससे क्या फर्क पडता है ? गाड़ी देवा के नाम नही है, पहली बात। दूसरी बात इस गाड़ी पर काऑपरेटिव बैंक ने अमरा को लोन दिया है। तीसरा यह गाडी अभी अकाल राहत कार्य म सिंचाई विभाग के साथ अनुबध मे मेरे कब्जे में है ?"

"तो फिर ।" सेठ जी की सारी प्लानिग फेल हो गई।

इतने मे देवा आ गया।

सुधाकर ने देवा से पूछा—

"क्यो देवा इन्हे पहचानते हो ?"

"गोगुदा रो वाणियो है होकम। बसती लाल कोठारी।"

"तुमसे कुछ रुपय मागता है ?"

"सब पाई-पाई चुकाई है होकम। एक राती पाई नी मागे।"

"तुम्हारे खिलाफ कोर्ट मे मुकदमा चला तुम्हे मालूम है ?"

"नहीं होकम।"

"कभी कोर्ट की पेशी का सम्मन आया ?"

"नी होकम।"

"ये पाच सौ रुपया की कोर्ट से गाड़ी कुर्क कराने की डिग्री लाए हैं।"

"सब झूठ है, होकम।"

"पैसे चुकाए उसकी रसीद है तुम्हारे पास ?"

"हाकम पया तो देई दीदा। यो वही मे जमा नी करे तो म्हारो कई कसूर। म्हारा बेटा रो होगन।" देवा ने सीने पर हाथ रखकर कहा— सब पया दीदा। यो वाण्यो बेईमान है।"

"सठ सा, सुन लिया सब ? आपको ये बेईमान कह रहा है।" सुधाकर ने गर्दन घुमाकर सठ स कहा—"और आपके मुह से शब्द नहीं निकल रहा है।"

"म्हाने रसीद तो दिखावे यो ?"

"आज तक कईने दीधी के ?" अब सुधाकर ने कहना शुरू किया।

"कोई रकम बाकी नहीं। कोई सम्मन नही। इसने कभी अदालत का मुह नही देखा और फैसला भी हो गया ?"

"हा हो गया फैसला और ।"

"आप डिग्री भी ले आए। कुछ तो ऊपर वाले से डरिए। इस मरे हुए या क्या मारोगे ? क्या है इसके पास ? क्या इसका फटा-कुर्ता और फटी लगोटी भी कुर्क करेगे। कुछ तो शरम कीजिए।"

"साहब, कुर्की वैसे तो होवे नी। अदालत रौ मामलो है।"

"देवा कै बोले है ? झूठ बोले है के ?"

"जो बोले सा बोले ए।"

"सठ जी लगता है मुझे कोर्ट का कागज जाच कराना पड़ेगा।"

"आप क्या बीच म पड़ो, साब।" सेठ जी न हाथ आग फैलाते हुए कहा।

"तो क्या आपकी ज्यादती चलते रहने दू ?" —सुधाकर न तीख स्वर म कहा।

"ज्यादती काहे की साब ? कोर्ट का काम है साब।"

"साब हाकम, सेठ झूठा है।"

"जुबान सभाल के बोल!" इस बार सेठ गुर्राया।

"और अधिक नहीं सेठ जी।" सुधाकर बोला—"यह कोर्ट कचहरी का है तो जुबानदराजी नही होगी समझे, सठजी!"

"होकम, अब आप जो फैसला करें, मुझ मंजूर है।"

"मैं क्या फैसला करू ? देना इस, लेना आपका। आप कहते हैं चाहिए। ये कहता है आप राती पाई नहीं मांगते।"

"इसके कहने से क्या होगा ?" सेठ ने नाम कुछ असन्द।

'देवा अब क्या करना ? इसके दस अमानत की कुर्क है

तुमसे ले सकते हैं। तुम आगे लड़ो वो बात अलग है।"

"खावा रा तो दाणा नी है लडवारा, वकील साहब रा, पया कठा सू लाऊगा।" देवा ने कहा।

"ठीक है। ये आए हैं तो कुछ तो देना होगा। सेठ साहब आप भी जानते हैं कि हकीकत क्या है ? इन अनपढ आदिवासियो की कमजोरी का फायदा भले ही उठा ले, आपको भी एक दिन ऊपर वाले की अदालत मे जाना है। उस दिन कोई वकील नही होगा। कोई सेल अमीन नही होगा। वहा किससे क्या कुर्क करवाएंगे ? कहते हैं कि—

"खूब कमाए सोना चादी खूब कमाए हीरा मोती,
अफसोस यही रह जाता है कफन के जेब नहा होती।"

"तो फिर सेठ साहब, इतना सब कुछ किसमे बाध कर ले जाएगे ?"

सुधाकर का इतना सब कुछ कहना बेकार नही गया। दो सौ मे फैसला हुआ। सुधाकर ने अपनी जेब से दिए। देवा के पास था ही क्या जो देता ? कानून न देवा को जानता है न उसकी भूख को न उसकी फटी कमीज को न एकमात्र फटी लगोटी को। कानून जान भी तो कैसे ? वो तो अधा होता है।

दिन-पर-दिन गुजरते जा रहे हैं। ओबरा बाध उसी मथर गति से पूरा हो रहा है। पता नहीं इसे अपनी यात्रा पूरी करने मे कितना समय लगेगा ? पता नही कौन-कौन बध हैं इसके भाग्य से। कब कहा की लेवर काम से जुड़ जाती है और कब कौन-सी अचानक चली जाती है।

सोलह तारीख को फिर नक्षत्रो ने पलटा खाया। सूर्य ने राशि बदली। चले गए मेट किशनजी और साथ ही गई उनकी लेवर पचास। साथ ही कम हुई लेवर चलवा की। ओबरा-चलवा नादेशमा सड़क का काम शुरू हो गया था। जब अपने घर के बाहर ही काम चल रहा हो तो इतनी दूर जलती धूप मे बीस ट्रिप मिट्टी के करने कौन आएगा ? थोड़ी देर धूला खादेगे। सडक पर डालेगे और आम की घनी ठडी छाया मे लेटे रहेगे।

आज फिर गणित गड़बड़ाया लकमा मेट का। जब भी लेवर कम होती है पता लग जाता है कि चाचा मेघराज ऊपर आएगे। हम सोचने मे ही लगेंगे और चाचा साईं मेघराज ऊपर टपक पडेगे। आते ही सवालो की गोलिया दागना शुरू कर देगे।

"आज कितनी-कितनी लेवर है ट्रैक्टरा पर।" चाचा कहेगे—"ऐसे कैसे काम चलेगा ?"

"ट्रैक्टर वाले चिल्ला रहे हैं। इतने कम ट्रिपो मे क्या तो ठकेदार कमाएगा और क्या कमाएंगे हम।'

ट्रैक्टर वाले चाचा को कहते हैं "मुझे मालूम है आपकी लेवर बढ़ ही नहीं सकती। बालिए क्या कर रहे हैं लेवर का ? नही कर सकते हो तो मुझ बालिए न, ताकि मैं ठेकेदार को लिख दू। लेवर बढ नही सकती आप ट्रैक्टर बद कर दें।"

जब चाचा की प्रश्ना की गालिया दगना बद होगी तो सुधाकर कहेगा—"वरी चा चावा । वेओ तो सही। ठडा पाणी-साणी पीओ। वरी खड़े-खड़ ही बात करोगे क्या ?"

फिर चाचा बैठगे।

इतमीनान से वे अपनी लिस्ट निकालग और हम अपनी। मिलान करने पर हमेशा चाचा और सुधाकर की लिस्ट मे पाच-दस नामो का फरक आएगा ही। सुधाकर कहेगा कि चाचा पहले दस आदमी आपकी लिस्ट म बढ़ती करा। फिर सुधाकर कहेगा कि चाचा हर ट्रैक्टर पर पच्चीस से तीस लेवर है। चाचा हमेशा चालीस मागते रहगे।

चाचा एक गिलास पानी और मागगे। पानी पीकर फिर कहेगे—"चवालीस चौदह पर लेवर थी तीस, ट्रिप बैठे पच्चीस, कम-से-कम अट्ठाईस तो होने ही चाहिए।"

"चाचा मुश्किल है। रिलीफ की भूखी-कमजोर लेवर से अट्ठाईस ट्रिप होने सभव नही।"

"तुम्हारा लेवर पर कट्रोल नहा है सागवाड़ा की पाल पर लेवर चालीस चालीस ट्रिप करती थी।" करवाने वाला मैं खुद—"साई मेघराज।"

"परतु चाचा यह आवरा कला और ओबरा खुर्द की लेवर है। दिन मे दस-पन्द्रह ट्रिप से ज्यादा कभी नही किए।" सुधाकर बडे इत्मीनान से कहता है—"हम करवा रहे हैं पच्चीस। चाचा इसे ज्यादा बढ़वाना हम क्या नही चाहगे ? इस लेवर ने पहले कभी भी रिलीफ म काम नहीं किया। ये लोग राज मजदूरी करने वाले नहीं हैं। ये तो कवल अपन गाव का बाध बध रहा है इसलिए आ रहे है। अपन-अपन खतो म काम करने वाले लाग हैं। साधारण किसान लोग। रोज मजदूरी करन वाले की अपनी काम करन की गति और आदत होती है। ये लोग तो मेरी प्रार्थना पर आ गए हैं। कैसे काम करवा रहा हू, मैं ही जानता हू।"

"वो बात तो तुम्हारी खरी है।" चाचा ने कहा।

"हा चाचा। इन लोगा ने कभी इतनी भारी मेहनत का काम नही किया। इन लोगा ने किया भी है तो सड़कों पर धूले की टाकरिया डाली हैं। जब गिनती की टोकरिया डालने मे ही हाजिरी भर जाय तो ये यहा हड्डी तोड कार्यक्रम मे क्यो आएंगे ? क्या आएगे यहा, अपना पसीना बहाने ? क्या लेना देना इन्हे कड़ी मेहनत से ?" सुधाकर ने कहा—"इसलिए जितने भी ट्रिप चल रह हैं चलने दो।"

"मगर कुछ तो सोचो ? वरी थोडी बहुत तो बढ़े।" जिद करते चाचा न कहा।

"क्या सोचे ? किसके लिए सोचे ? जिनके लिए बाध बाध रहे हैं वे ही नही सोच रह हैं। बाध बने या भूरा होने स पहल हा बह जाए उनकी बला से। चिंता है सरकार को ?"

"वरी, चिंता तुमको नईं ?"

"हमको क्या चिंता हागी चाचा ।"

"वरी, तुम क्या बोला— चिंता नहीं ?"

"हा चाचा। यही बोला "

"वरी ऐसा तुमको बाला "

"क्या हुआ, चाचा ?"

"वरा सुधाकर। ये नही बोलना "

"चिंता है कनिष्ठ अभियता— सहायक अभियता और मुख्य अभियता साहब को। अधिशासी अभियता साहब को। क्यो मेरे जैसे सुपरवाइजर को क्यो ?" हम तो हर हालत मे पद्रह जून तक डजरपॉइट से ऊपर ले जाना होगा इस। मानसून कभी भी आ सकता है। टर हालत म, हर कीमत पर बचाना होगा इस।"

सुधाकर ने अपनी चिंता प्रकट की।

"बचाए बिना तो सब मेहनत मिट्टी म मिल जाएगी।"

"हा चाचा, इसीलिए दिन-रात हम यही सावत हैं। कैसे बढ़े लेवर ? कैसे बढ़े ट्रिप ? कैसे बढ़े लेवल। चाचा कवल एक दिन जसवतगढ़ का लेवर को थोड़ा-सा डाट क्या दिया दूसरे दिन सब घर बैठ गए। भूल गए वा दिन ?"

और चाचा मेघराज चाय पीकर नीचे उतर गए।

घाटे म घाटा आबरा बाध के भाग्य म ही बदा है। जब सारे दिन जसवतगढ़ की तीस लेवर नही आई तो सुधाकर को चिंता लगी। आपातकालीन बैठक बैठी। अगर कल भी लेवर नही आई तो क्या होगा ? हर हालत मे कल लेवर आनी ही चाहिए। उसके लिए किया क्या जाय ? सबने राय दी और यही तय किया कि रात का जसवतगढ़ जाकर लेवर को मनाया जाय।

सुधाकर देवा आर लकमा मेट तीनो ही खाना खाकर निकले जसवतगढ़ की पहाड़िया नापने। सप्तमा का चाद मद्धिम रोशनी फला रहा था। ऊबड़-खाबड पगडडिया पर चले जा रहे थे तीनो। आगे-आगे गाइड लकमा बीच मे सुधाकर और पीछे रक्षक देवा। कही नाला लाघना पड़ता तो कही ऊची चढ़ाई-चढनी पडती तो फिर कही नाले के किनारे चलना पडता। कही नाले म गड्ढे भरे मिलते तो कही सूख ककड़ पत्थर। कही-कही दूर से कुत्ता के भौंकने की आवाजे आती।

एक टापरी इस पहाड़ी पर तो दूसरी दूसरी पहाडी पर। ये लोग भी काले अग्रज हैं। समूह म कॉलानी म नही रहेग। हर घर का अपना स्वतत्र अस्तित्व। किसी का हस्तक्षेप पसद नही। वही हाल फ्री सैक्स का। जब तब निभी साथ रहेगे। जिस दिन से भी खटपट या तनाव शुरू हुआ तलाक दे देगे। औरत भी दूसरे घर नाते जाने को स्वतत्र और आदमी भी दूसरी औरत को नाते लाने मे स्वतत्र।

जब एक-एक लेवर के घर पहुचे तो सभी हैरान। इतनी रात गए बाबूजी उनके घर ? कोई सो चुका था। कोई सोने जा रहा था। कोई मिर्च-मसाले के साथ

मक्की रोटी का इधन पेट को दे रहा था।

किसी ने सपने मे भी नही सोचा था कि बाबूजी इतनी रात गए उनके घर भी आ सकते हैं। वे तो निहाल हो गए। साहब, और उनके घर, और वह भी इतनी रात गए ?

"साहब होकम, यहीं जीमो।" डालू बा ने कहा।

"जीम के आए हैं।" सुधाकर ने कहा—"अब बस जाना है तुरत।"

"साहब होकम, यही सो जाओ। इतनी रात जगल से जाना ठीक नही।"

"साहब होकम, हमारे हाथ का नही खाओ तो रहट से गेड़ भर लावे। दूध ही आरोग लो।

एक एक के अपने-अपने सुझाव थे।

सुधाकर उनके अपनत्व और प्रेम से निहाल हो गया।

"नहीं माना बा। मुझे किसी से कोई परहेज नही है। देवा और लकमा से पूछ लो। हम सब एक ही प्रभु की सतान हैं। फिर भेद कैसा ?" सुधाकर ने उन्हे बताया।

"जो मनुष्य-मनुष्य मे भेद या अतर करता है, वह जानवर से गया बीता है। खाना खाकर नही आता तो अवश्य खा लता। मुझे ता वैसे भी आप लागो का प्यार और स्नेह चाहिए। प्रभु ने बेदाम प्यार दिया ही इसलिए है कि मुफ्त बाटे।"

मुखिया डालू बा ने कहा—' साहब आप अबे पाछा पधारो। रात घणी वेईगी। सब लेवर काले आवेगा। आपरे मन मे चिंता मत राख जो। यो माणो वादो है।"

"राम-राम, बाबूजी। पधारो। पूरा साथे जा। साब ने मारग बताव जै। भूले पडेगा ता दु खी थायगा। सड़के पौंछावी ने आवजे।"

माना बा को हमारी चिंता लगी। रात मे रास्ता भटक नही जाव। सड़क तक सुरक्षित पहुचा कर आना।

इस बार हम तीना के आगे थे। पूरा भाई। जाते समय जिस रास्ते का एक घंटे मे पार किया था आते समय लग वहा से दस मिनट। ये हे आदिवासियो के शॉर्टकट। पहाड़ी रास्ता की गणित। बाद में पता चला कि उस दिन तालाब मे डूबने से किसी की मौत हो गई थी सो कोई नही आया था।

उस दिन झुझारपुरा की पहाड़िया लाघने पर पता चला कि अगर कोई बनिया उगाही क लिए या कोई सरकारी ऋण वाला मागने पहुच जाय तो वह यहा से सही-सलामत वापस नही लौट सकता। ऐसा है उनका सुरक्षा तत्र।

सुधाकर ने रास्ते चलते लकमा से पूछा—"क्या रे उन दो दीवानो का क्या हाल है रे।"

"बाबूजी दु खी हैं। दोनो के घरा पर चौकी पहरा है। मजाल है जो मिल ले। काम पर आना भी बद है।"

"ठीक है कल बताना कुछ रास्ता निकालेगे।"

× × ×

साईं मेघराज चाचा का हमेशा ट्रैक्टर वालो से लफड़ा चलता ही रहता है। कभी ट्रॉली तीन इच कम होने के नाम पर साझा तीन इच कम लिख रहा है, ड्राइवर है कि अड़ा हुआ। चाचा जल्दी-जल्दी चौकी की सीढ़िया उतर नीचे पहुचे। चाचा की उम्र होगी साठ। सावला रग। ठिगना कद। ये हुलिया है चाचा साईं मेघराज का। इस उम्र म भी चुस्त-दुरुस्त। बड़े नबर का माटा चश्मा। हाथ मे ट्रिप की डायरी।

चाचा और ट्रैक्टर वालो की तज-तेज आवाज आनी शुरू हाता है। दोनो का वाक् युद्ध। न चाचा मानने का तैयार और न ड्राइवर। करीब-करीब राज का यही हाल। ये ही चाचा और वे ही ड्राइवर।

कभी पर्ची मे ट्रिप कम लिखने का चक्कर तो कभी तीन इच खाली की बात। मगर चाचा भी एक ही जीवट के आदमी हैं। अकेले ग्यारह-ग्यारह ट्रैक्टर वाला से मगज खपाते रहेगे।

रात दो या तीन बजे से ट्रैक्टर चलने शुरू होते हैं तो चाचा बाध म टॉर्च लिए तीन बज भी ट्रॉली नापते नजर आएगे। मजाल है जो ट्रोली कम आ जाय। जान खा जाएगे ट्रेक्टर ड्राइवर की—"मजदूरा ने पूरी नही भरी ता तू वहा से रवाना ही क्या हुआ ? ट्रैक्टर स्टार्ट ही क्यो किया ? एक-एक लेवर से तगारिया गिनकर क्यू नही डलवाई ?"

अदालत के सरकारी वकील की तरह प्रश्न पूछ-पूछ कर हैरान कर दग।

हेमनदास ठेकेदार के बडे शुभचिंतक हैं चाचा। ट्रिपा के हिसाब से लेवल नही बैठा तो क्या जवाब दग चाचा ? ठेकेदार भी तो चाचा के भरोसे निश्चिंत ह। इसीलिए तो कई-कई दिनो बाद एक चक्कर लगाते हैं तीरणदारा। चाचा उनके घर का आदमी ह।

कहते हैं देश विभाजन के समय मेघराज का परिवार काट डाला गया। जब घर मे गए तो द्वार खुला पड़ा था और आगन तथा बराड म पड़ा था लाश। बीवी भाई और दा जवान लडकिया की। बीवी और भाई के शरीर पर कपडे थे पर फटे हुए। लड़किया के शरीर एकदम नग और । सुनते हैं चाचा ने केवल सलवार-कुर्ते उनके नग शरीर पर डाले और फिर चलते-फिरते बुत की तरह मुहल्ले स बाहर निकलने वाली किसी बैलगाड़ी के पास आकर गिर गए नाम-बेहाश। उस परिवार ने इसानियत के नाते उठाकर अपनी बैलगाडी पर चढ़ा लिया और तब का दिन ह या फिर आज का चाचा मेघराज ने होश सभाला तब से हेमनदास के होकर रह गए।

आदमी अपने काम क प्रति इतना वफादार होगा तभी उसकी इज्जत और पूछ हागी। इसी तरह सुधाकर क भरोसे हैं सभी साहब लोग। सुधाकर है तब तक ओबरा की चिंता नही उन्ह।

एक दिन ट्रैक्टर ड्राइवर और चाचा का युद्ध चरम-सीमा पर पहुच गया। एक ट्रैक्टर वाले ने गुस्से मे यहा तक कह दिया—"चाचा और ज्यादा बोले तो देखना मैं ट्रैक्टर के नीचे दे दूगा।"

बस फिर क्या था। कहने की देर।

चाचा उसी समय ट्रैक्टर के आगे आकर बैठ गए—"ले चला ट्रैक्टर। मै भी देखू कैसे चलाता है ट्रैक्टर ?"

एक अच्छा खासा-तमाशा शुरू हो गया। भीड़ जुट गई। ट्रैक्टर वाले भी जो भी आते गए तमाशे मे शामिल होते जाते। चाचा हैं कि मिट्टी पर आसन जमाए ट्रैक्टर ऊपर आने की इतजार म बैठे हैं। ट्रैक्टर वाला भी हार मानने को तैयार नही। उसने भी ट्रैक्टर घरघराया। ट्रैक्टर स्टार्ट करते ही एक इच आग बढ़ाया और ब्रेक मारा। नाटक का चरम बिंदु। सभी सास रोके खड़े थे। ट्रैक्टर के एक इच बढते ही चाचा भागे ये जा वो जा।

जनता तमाशबीन हो हो हो करके तालिया बजाने लगी।

ऐसे तमाशे करते हैं हमारे चाचा साईं मेघराज।

× × ×

ओबरा बाध को आगे किन-किन गणमान्य व्यक्तिया का स्वागत करना होगा पता नही। किन-किन व्यक्तियो की चरणरज से इसे पवित्र होना है, ओबरा गाव वाल नही जानते। किन-किन सरकारी अधिकारियो की दौड़ यहा तक होनी है शायद उन्हे भी नही पता। कौन-कौन राजनेता अपने वोटदाता के सामने आएगे या नकली मुस्कराहट बिखेरने आएगे वे ही जाने।

कौन उसके दु ख का सही आकलन कर कद्र को हकीकत बयान करेगा कैसे अदाज लगाए। जब जिसे मौका मिलता आ धमकता।

सुधाकर ने पहले ही अधिकारियो को कह रखा था—"आपकी जब मर्जी हो जिसे लेकर आना हो ले आइए। हम पूर्व तैयारियो म श्रम और समय का घाटा नही होने देगे। आपका काम है लाना। लाइए। विजिट करवाइए और स्वागत-सत्कार करते रहिए। जब भी अच्छा काम चल रहा होगा हर छोटा बडा अधिकारी देखने आना चाहे आप बेधडक अचानक ले आए। हमारा काम और मस्टररोल चुस्त-दुरुस्त मिलेगा।

तब से अधिकारीगण समझ गए कि सुधाकर के काम मे विघ्न नही डालना है। यहा ईमानदारी का सौदा है। कमाई का सौदा नही हो सकता। नही तो अकाल राहत कामो मे मस्टररोल पर बाध बन जाते हैं सड़के बन जाती हैं और पहली बरसात मे न बाध मिलता है और न सड़के। पर सुधाकर के रहते हुए यह सब नही हो सकता। अपने मित्र अभियता से सुधाकर का यह कहना सही भी है कि बार-बार कब तक वह इन दिखावटी स्वागत-सत्कार मे रहेगा। जब जिसे ले जाना होता वे खुद ही सारी तैयारिया यही से करके जाते। वैसे भी वहा जगल म क्या

मिलना था ? और फिर इन कामो के लिए सुधाकर के पास बजट ही कहा था ?

लच करके बैठे ही थे कि अचानक शोर सुनाई दिया। तभी एक मजदूर ने आकर कहा—"जाप आ रही है साहब होकम, जीप आ रही है।"

"आने दो। डरने और घबराने की क्या बात है ? अभी लच टाइम है और इसका पूरा उपभोग करना हमारा अधिकार है। समय की सुइयो के साथ चलने वाले किसी क गुलाम नही होते। डरते वही हैं, जो काम के समय आराम करते है।" सुधाकर न समय-सूत्र समझाया।

इतने म चौकी के बाहर जीप आकर रुकी।

सबस पहल कनिष्ठ अभियता, फिर सहायक अभियता फिर अधिशासी अभियता उतरे।

यह तो कोई नई बात नही थी। इन्ह तो बाध की प्रोग्रेस की जानकारी लन अक्सर आना ही पडता था।

सबके बाद उतरे सासद साहब, साथ म ही गोगुदा के समाज-सेवी वकील साहब। आज ओबरा बाध पर आने वालो मे एक नई कडी और जुड़ गई। ओबरा बाध धन्य हुआ सासद जी के आगमन पर। भाग-दौड़ शुरू हा गई। ओबरा बाध के जीवन मे गति आ गई।

जैसे ही सुधाकर पर नजर पडी सासद जी हैरान—"अरे! सुधाकर जी आप यहा! वडरफुल। मैं तो कभी सोच भी नही सकता था कि यू अचानक भेट हो जाएगी ?"

"सर बड़ी मुश्किल स तैयार किया है इन्हे। पूरा बाध इन्हा के भरोसे है।" अभियता दिनेश ने आदर के साथ सासद को बताया।

"ये नहा होत तो शायद हमारा यह ओबरा मिशन सफल नहीं हो पाता।" अधिशासी अभियता जी ने कहा।

"ये हमारे लिए और इस बाध के लिए ऐसैट हैं, सर।" सहायक अभियता ने कहा।

"कमाल है सर! मजदूरो का जो दिल जीता है कि हमारे बस का नहीं था।"

"मैं खुद इनके गुणा का पहले से ही कायल हू।" सासद स्वय ही खड़े होकर कहने लगे—"आज के जमाने मे ऐसे नैतिक मूल्यो को प्रतिपादित करन वाले हैं कहा ? अब आप कम्बल ओढ़ के सो जाइए। मुझे पूरा विश्वास है कि यह बाध पूरा होगा ही।"

सासद साहब कुछ सीढ़िया नीचे उतरे। खभाणा लोहार की नीमड़ी के सामने खड़े हो बाध के चारा ओर दृष्टि डाली।

अधिशासी अभियता साहब एक-एक चीज समझाते जा रहे थे। इन्हें पूण रूप से हर बात डिटेल्स मे समझानी होगी। तब ही तो ये राजस्थान के भयावह अकाल की सही स्थिति केद्र के समक्ष रख पाएगे। कम होती सहायता को जोर देकर

बढ़वाना इन्हीं के बूत की बात है।

सासद जी स्वय ही रिजर्व आदिवासी कोटे से हैं। पढ़-लिखकर आज इतन काबिल तो हो ही गए हैं कि अपने गरीब भाइया की सही पैरवी कर सक।

अधिशासी अभियता साहब ने सब कुछ उन्हे समझाया कि—"हम भी साहब कोई छोटे-मोटे एनीकट बना सकते थे। मगर एक प्रयोग के रूप म इतने बड़े बाध का जोखिम उठा लिया। दिन-रात कई तरह की परेशानिया। मगर कह सकते हैं कि जो लोग भी सोचते हैं कि राहत कार्यों मे पक्के और वड़े प्राजेक्ट नही बन सकते, उनके लिए सही उदाहरण है ओबरा बाध। काम करने वालो म लगन और निष्ठा हो तो क्या नही हो सकता ? माइल स्टान है यह बाध। प्रकाश स्तभ है ओवरा बाध।"

आज बाध भी और दिना से अधिक सुदर लग रहा था। अदर की तरफ धार कटी हुई थी। साफ-सफाई थी। चूने की सफेद डाली हुई उसकी धारिया सुदरता बढ़ा रही था। पाया कटा-छटा था। सेल्यूस का गड्ढा भरा हुआ था।

ट्रैक्टर चल रहे थे, मगर कम।

सासदजी ने पूछा—"कितने ट्रैक्टर चल रहे हैं ?"

चम्पा ने कहा— "अरे! वाह!! जो व्यक्ति दूसरो को आस्था और विश्वास दिलाता है खुद ही कमजोर कैसे पड गया ?"

"सच कहा तुमने।"

"अहसानमद तो मैं आपकी हू। आपने इस लायक तो समझा।"

सुधाकर ने कहा— 'चम्पा कमजोरी की बात नही थी विश्वास पूरा था। मगर जो स्थितिया देखकर आया था। उसके कारण मेरा विश्वास डगमगाने लगा

था। आज से तुम महिला प्रकोष्ट सभालोगी और राजू पुरुप प्रकोष्ट।''

इतने म राजू कमरे मे से निकल आया। दोनो ने एक-दूसरे की आखा म दखा और देखत-देखते जैसे हजारो मीलो दूर का सफर तय कर मिल गए थे।

दाना न एक-दूसरे का अभिवादन किया।

''चम्पा। तुम्ह काम म कही परेशानी हो तो राजू की सहायता ले लेना।'' सभी गाव वाला के सामने सुधाकर ने चम्पा से कहा— 'ज्ञानदीप' रथ के तुम दोनो हा पहिए हो। म तुमम से एक क बिना अधूरा रह जाऊगा। महिलाआ मे, जा पढाई म रुचि ले, उसे पढ़ाना हे। जिसकी रुचि कम हो उसे हस्ताक्षर करना ता सिखाना ही है, उसक बाद काम सीखने का प्रशिक्षण देना है। एक बार सबको मदिर क बाहर दीप जलाकर प्रार्थना करवा दो, फिर अपना-अपना काम प्रारभ कर देना।''

अपने आसन पर ही बठ स्त्री-पुरुपो ने चम्पा के कहते ही हल्की रोशनी म प्रार्थना म हाथ जोड लिए— चम्पा ने बताया कि ''पहले में बालूगी आप सभी दुहराएगे।''

''हे प्रभो आनददाता ज्ञान हमको दीजिए।
छीनकर अज्ञानता बस दूर हमसे कीजिए।''

स्त्री-पुरुप समवत स्वर म दुहरा रहे थे।

प्रार्थना समाप्त हुई। सुधाकर उठकर बोला— ''अब आप लोग आज पहली पढाई शुरू करो। मै आता हू।''

''आप कहा जाएगे ?'' राजू ने प्रश्न उठाया।

''मैं जरा गागुदा तहसीलदार से इन भूमिहीना की बात करके आता हू, जिसे मुआवजा चाहिए। मने मुआवजा वाला और जमीन वाला के लिए जमीन की बात करना हे। बडे दु खी हें बेचारे।''

× × ×

'ज्ञानदीप' का कार्यक्रम प्रारभ हुए दस दिन हो गए। प्रतिदिन पुरुपो और महिलाओ की सख्या म बढोत्तरी होने लगी।

एक दिन सुधाकर सहकारी विभाग के अध्यक्ष को बुला लाया। जो-जो व्यक्ति डेरी आर मुर्गीपालन क इच्छुक थ उन्ह फार्म भरवाकर ओबरा दूध सहकारी समिति के नाम से लोन दिलवा दिया। इक्कीस लोग उसके मेबर (सदस्य) बन गए। कुछ लोगो ने कुक्कुट पालन म इच्छा जतलाई उनकी सहकारी समिति भी पजीकृत करवा कर उनक लिए लोन की व्यवस्था करवा दी।

जब विकास अधिकारी जी को पता लगा तो व भी भागे-भागे आए। वे कहा पीछ रहने वाले थे। समग्र ग्राम विकास की योजनाए तो उनक पास थी और अनायास ही सुधाकर जैसा व्यक्ति उनकी याजनाओ को आगे बढाने वाला मिल गया ता भला वे ऐसा मौका क्या छोड ? वे जानत थे कि सुधाकर के कारण अब उन्ह राज्य स्तरीय बठको म अपने क्षेत्र की प्रगति के बढ़ते आकड़ दिखाने का अवसर

मिला है। उन्ही की असलियत पर प्रमोशन सभव होगा।

किसी को खाद-बीज के लिए ऋण चाहिए। किसी को झोपडी को पक्के मकान मे बदलना है तो किसी को मडबदी करवानी है। कही गोबर गैस प्लाट लगवाना है। किसी को सौर चूल्हा चाहिए तो कोई सौर विद्युत लगवाना चाहता है।

सबकी जरूरते पूरी करने के लिए अब विकास अधिकारी, सुधाकर के रहते हुए सबके साथ आकर खडा होने लगा।

ओबरा गाव आदर्श गाव बनने जा रहा था। काई ऐसी योजना नहीं थी, जो यहा नही चल रही हा। कद्रीय सयुक्त सचिव ने जो विजिट पहले की थी, उसकी सिफारिश का भी अच्छा असर हुआ।

कद्र मे उनका भी कहना था कि—"गागुदा तहसील मे आदर्श काम हा रहा है। राज्य सरकार को चाहिए कि उस तहसील को सभी येजनाआ के अतर्गत पूर्ण विकास के द्वार खोल दे। खासकर ओबरा गाव की प्रोग्रेस अच्छी है। श्री सुधाकर का काम अनुकरणीय है। इसी तरह के काम अन्य स्थानो पर भी प्रारभ करने चाहिए।"

एक दिन विकास अधिकारी जी बाध पर आए। रात्रिकालान 'ज्ञानदीप' आश्रम का काम देखा। चम्पा जिस ढग से उन ग्रामीण महिलाआ मे आत्मविश्वास जगा रही थी काबिले तारीफ था।

चबूतरे पर चाय पीते विकास अधिकारी ने कहा—"सुधाकर जी आपने जा ज्ञान का दीप इनक अधेरे जीवन म जलाया है नि सदेह स्तुत्य है। आज क युग म कौन इतनी निष्ठा से नि स्वार्थ भावना से जुड़ता है ? आपने झडा उठाया तो देखिए आपके साथ कितने लोग खड़े हो गए। सरकार खुद चाहती है कि ऐसी सस्थाए बन।"

"मगर जो बनती हैं वे केवल स्वार्थ के लिए। सिवाय फर्जीवाड़े के कुछ भी नहीं। केवल रजिस्टरो म सस्था काम करती हैं।" सुधाकर हसा हल्के से। फिर भी विकास अधिकारी स वह हसी छिप न सकी।

"आपके यहा जो काम चल रहा है देखकर तबियत खुश हो जाती है। चला, कहीं एक दिया तो जल रहा है अधेरे से लड़ने के लिए। आपक महिला उद्योग के लिए जब भी किसी ऋण की आवश्यकता हो बता दीजिएगा। शरबत पापड़, बड़ी उद्योग, अचार चटनी मुरब्बे पैक मसाले आदि इन चीजा की खपत अपनी तहसील म ही हो जाएगी।"

"जी आपका सुझाव बहुत अच्छा है।"

यह योजना भी है। अभी कुछ दिन और

इच्छा जागृत न हो मैं कोई काम थापना नहीं

सफल नहीं होते।"

ऑफिस का काम काफी बढ़ गया था।

रजिस्ट्रेशन करना, नई योजनाओं के लिए नये फार्म भरना। दिन-प्रतिदिन काम बढ़ता ही जा रहा था। पर, सुधाकर थकने का नाम नहीं लेता था।

आज रात काफी हो गई थी। पढ़ने और सीखने वाले सभी चले गए थे। सुधाकर भी विभाग के काम से उदयपुर गया हुआ था। हमेशा तो हुड़ीलाल घर जाते समय चम्पा को उसके घर छोड़ देता था। आज मां की तबीयत ठीक नहीं होने से वह भी जल्दी चला गया था। राजू के साथ जाना चम्पा की विवशता थी।

दोनों अंधेरे रास्ते पर साथ-साथ चल जा रहे थे। राजू के हाथों में टॉर्च थी। यदा-कदा वह जलाता-बुझाता चल रहा था। काफी दूर दोनों खामोश चलते रहे। राजू ने ही मौन तोड़ा—"क्या सोच रही हो, चम्पा ?"

"सोचने के लिए बचा ही क्या है राजू ?" चम्पा ने निःश्वास छोड़ते हुए कहा।

"इतना निराश क्यों हो जाती हो ?" राजू ने पूछा।

"आशा की कहीं कोई किरण भी तो नजर नहीं आती ?" चम्पा निराश थी।

"आस्था का एक दिया काफी होता है, चम्पा।"

"तुमने जला तो दिया।"

"गलत था ?"

"हां।"

"क्यों ?"

"अब कहीं घुटन है टूटन है संत्रास है।"

"ऐसे नहीं होता है चम्पा—अधिक परेशान मत हो।"

"यह तुम कह सकते हो, पुरुष हो न।"

"आश्वस्त कर रहा हूं। तुम अकेली नहीं हो।"

"अकेली हूं, बेहद अकेली। राजू, यही नियति है मेरी ?"

"नियति कुछ नहीं होती पगली। हारे हुए लोगों का शगल है नियति।"

"इससे तो मैं पहले ही अच्छी थी।"

"क्यों ?"

"अपनी औरत से परिचित नहीं थी।"

"अब ?"

"मुश्किल हो जाती है। सोचती हूं, मौत ही आ जाए।"

"इतना जल्दी हार जाओगी तो हम मंजिल तक कैसे पहुंचेंगे ?"

"राजू तुम ठीक कहते हो मगर जीवन भी तो इसी अंधेरी राह की तरह है।"

"टॉर्च साथ है न चम्पा!"

"मगर ऊबड़-खाबड़ रास्ता पत्थरों और कांटों से भरा है। अंधेरे में यह भी तो पता नहीं चलता कि हम सही रास्ते जा रहे हैं या भटक रहे हैं ?" चम्पा ने कहा।

"क्या मुझ पर भरोसा नहीं है ?"

"केवल तुम्हारा ही तो आसरा है।"

"मैं तुम्हारे हर कदम पर साथ दूंगा।"

"यह समाज बहुत जालिम है। तुम्हारे कदमों को तोड़कर रख देगा।"

"मैं गिर भी पड़ा तो फिर उठूंगा। तुम्हें फिर संभालूंगा।"

"राजू, इस अंधेरे में तुम्हीं तो एक उजाले की किरण हो। तुम्हें कुछ हो गया तो मैं कहीं की नहीं रहूंगी ?"

"मैं साथ हूं, सदा रहूंगा साथ, समझी।"

"तुम्हारे बल पर ही तो इतना बड़ा जुआ खेल रही हूं। बाल-विधवा होना कितना बड़ा अपराध है ?"

"इसमें तुम्हारा क्या कुसूर है चम्पा ? दोष तो उन लोगों का है जिन्होंने तुम्हारे खेलने खाने के दिनों में ही विवाहिता बना दिया। जिस लड़की को शादी-ब्याह का अर्थ ही पता नहीं हो उसका विवाह कैसा विवाह है ?"

"सच राजू! तब मैं नहीं जानती थी कि पति क्या होता है और पत्नी क्या होती है ? वहां तो मेरी बलि दी गई है। मेरे अधिकारों को विवाह के हवनकुंड में होम कर दिया गया है।" चम्पा खुल गई। "शायद, पशु समझा गया है हम लड़कियों को। यह तो निरीह गाय को कसाई के हवाले करना है। मैं इन सबसे लड़ूंगी।"

"चम्पा मैं लड़ूंगा। सुधाकर जी हमारे साथ हैं।"

"बेवजह हमारे कारण, वे सताए जाएंगे।"

राजू ने कहा—"हमें, कुछ करना होगा चम्पा। कुछ और नहीं हुआ तो भाग सकते हैं।"

"साथ जी नहीं सकेंगे तो मर तो सकते ही हैं।"

"इतनी निराश होने की जरूरत नहीं है। मरते कायर हैं। हम नई परंपराएं बनानी होंगी। सड़-गल सदियों पुराने कायदों को दफनाना होगा।"

घर आ गया था। अतः ऊंचे स्वर में चम्पा ने अलग होते हुए कहा—"अच्छा शुभ रात्रि।"

"शुभ रात्रि" राजू आगे बढ़ गया।

ठाकुर बैठक के द्वार पर खड़े थे।

"पिताजी! आप ?"

"मैं पूछता हूं इतनी देर रात तक कहां थी ?"

"स्कूल का काम चढ़ा हुआ था पूरा करने में देर हो गई।"

"हूं, किसके साथ आई ?" ठाकुर के स्वर में कठोरता थी।

" ?" चम्पा खामोश थी।

"मैं पूछता हूं, कौन छोड़ गया इतनी रात गए ?" ठाकुर ने क्रोध में पूछा।

"क्या हो जी ? क्या तंग कर रहे हैं बेटी को ?" ठकुराइन ने हस्तक्षेप किया।

"तुम चुप रहो जी। हा, किसक साथ आई ?" ठाकुर ने ठकुराइन को डाटा।

"राजू के साथ।" चम्पा का उत्तर था।

"सुना तुमने ?" ठाकुर भन्नाए—"देख लिए अपनी बेटी के लक्षण ? मे तो पहल ही जानता था कि वो सुधाकर का बच्चा हमे पाठ पढ़ाने आया था।"

"राजू क अलावा और कोई नही मिला छोड़ने के लिए ?"

"आज हुड़ीलाल कही चले गए थ। कोई था नही।"

"हू! जानता हू!! सब जानता हू। एक दिन काला मुह करवाएगी।"

"पिताजी ।" चम्पा ने प्रतिकार किया।

"मर गए पिताजी। खनदान की इज्जत चौपट करक रहेगी ?"

"एसा भी कौन-सा बड़ा गुनाह हो गया ह, चम्पा से ? राजू ने ऐसा क्या कर दिया ? आपकी बटी को हिफाजत से घर पहुचा कर गया है। अगर अकेली आती और किसी ने कुछ कर दिया होता तो ? क्या मुह दिखाने काबिल रह जाते ?"

"अब भी दिखाने काबिल कहा छोड़ा है मुह को ? मेरे दुश्मन क बटे के साथ आख-मट्टका चल रहा है। क्या तुम सोचती हो, मुझे मालूम नही है ?"

"शर्म आनी चाहिए अपनी बेटी पर लाछन लगाते हुए!"

"गलत कह रहा हू ?"

"बिल्कुल गलत।"

"झूठ कहती हैं आप।" ठाकुर साहब अपनी ठकुरेती पर आ गए। "एक दिन दोनो को शूट कर दूगा।"

"पहले आप मुझे शूट कर द फिर इसे करना।"

"आप अगारो को हवा द रही हं।"

"मं तो राख डालन का प्रयास कर रही हू, ठाकुर साहब।"

"राजू का साथ ठीक नहीं है।"

"क्यो ?"

"हम कहते हैं।"

"उस राजू ने आपका क्या छीना है ?" ठकुरानी क तेवर बदले। "छीना ह ता आपने उसका । अब मरा मुह मत खुलवाइए ठाकुर साहब। चम्पा जा, ऊपर जा बटी। खाना खाकर सो जा।"

"लोग कहते हैं, वहा तक तो ठीक था। आज तुम भी मुझे दोषी मानती हो ?"

"मानती ही नही सब कुछ जानती हू। आप क्या सोचते है मुझे कुछ भी नही मालूम ? उस रात माधवसिंह को बदूक किसन दी थी ? ' ठकुरानी ने आज उनके यथार्थ को स्पष्ट कर दिया। "क्या कहा था आपने उसे ? आज रात को अमरसिंह खेत पर पहरा देगा। मौका देखकर भडका कर देना। दस हजार रुपये इसी बात के दिए थे कि काम हाने के बाद वह हमेशा के लिए गाव छाडकर चला जाय।"

"ठकुरानी। आप अपनी हद से आग बढ़ रही हैं।"

"क्या आपकी असलियत सामने आ रही है क्या ?"

"आप खामोश हो जाए तो ठीक होगा।"

"पर, हकीकत आप सुन ही ले।" आज ठकुरानी के तेवर कम न थ। बहुत कुछ सहा था अब तक, कह गई—"उपके बाद विधवा राजू की मा के साथ आपने क्या-क्या जुल्म ढाए मुझसे कुछ छिपा है ? सत्यनारायण पटवारी को रिश्वत देकर नई पैमाइश हो गई। आपका खेत रातो-रात दूना हो गया। गाव मे किससे छिपी है यह बात ?"

"वो तो ठीक था। राजू की मा राजू को लेकर पीहर चली गई, वरना राजू भी वहीं होता, जहा उसके पिता गए।"

"यह सब मैंने क्या अपने लिए किया ? आप सबके लिए किया है ?"

"ठाकुर साहब! हमें खून स सनी रोटिया नही चाहिए। हम भूखी रह लेगी मगर किसी के लहू म बना हलवा नही खाना है। किसी का हक मारने पर क्या होता है ? कभी सोचा आपने ?"

"सब बकवास है।"

"सबकी हाय लगी है।"

"भ्रम हे आपका।"

"मेरी कोख उजड़ गई। आप किसी का सुहाग नही छीनते किसी के सिर से बाप का साया नही उठाते तो आज मेरी कोख सूनी नही होती। मेरा बेटा मुझसे बिछुड़कर नही जाता।"

ठकुराइन रोते-रोते अपने कमरे मे चली गई।

आज ठाकुर रामसिंह को आखा म नींद नहा थी। उन्हे आज ज्ञान हुआ कि जो कुछ भी ऊचा-नीचा आज तक वे करते आ रहे थे, उसके सबध मे अच्छे-बुरे का निर्णय करने के लिए ठकुरानी पीछे नही है। आत्मनिर्णय कही ठाकुर के सोच की गलियो म सीटी बजाने लगा था। 'अपनी ठकुरैती बनाए रखने के लिए उन्होंने वही किया जो यहा का बनिया करता है बनिया बही की मार मारता है और उन्होंने सदा गोली की मार मारी है। दोनो के काम एक ही हैं। उसने भी जमीने हड़पी हैं और उन्होंने भी।'

राज गया। स्वतत्रता आई। पर रिआया वही रही। दबाव वही रहे। साम दाम दड से चुनाव जीतते रहे। गाव का भला न हा जाय। यही कोशिश करते रहे। अगर गाव का भला हो गया तो लोग उन्हे महत्त्व नही देगे। यही सोच सदैव गाव को गरीब और बेसहारा बनाए रखने के लिए काम करती रही।

आज आक्रोश शिक्षा-प्रसार मे अपनी बटी चम्पा के योगदान करने पर कहीं अधिक था और गुबार निकला राजू पर क्याकि राजू के साथ चम्पा की रैपर्ट देखकर उनकी छाती पर साप लोटने लगा था।

चम्पा पढी-लिखी है। बाल विधवा है, तो क्या ? गैर जिम्मेदार उनकी बेटी हो जाएगी क्या ? पर जवानी की हवा कब किसे कहा पछाड देगी— यह भय कम नही था। सारा गाव जब बाध के काम मे लगा था, तब चम्पा को रोकना चाहकर भी नही रोक पाए थे। समझाया था उसे। उस दिन चम्पा ने कह दिया—"पिताजी आपका जमाना कुछ और था, अब आप अपने पैमाने से चीजे मत देखिए। नया जमाना है और हमे गाव मे रहना है तो गाव से अलग होकर हम तो नही रह सकते। आप आज तक अलग रहे, उसका परिणाम आज देख ही रहे हैं। आपके पास कौन खुशी से बैठने आता है ? सबकी मजबूरी ही लाती हे।"

सोच क उत्तर अपनी ऊचाइयो पर थे। और चम्पा के पिता ठाकुर ?

× × ×

'ज्ञानदीप' अपना प्रकाश फैलाने लगा। लोगा म पढन का शोक जागृत हुआ। शहर से खबर आई कि सरकार एक दल भेज रही हे जो मनोरजन के साथ शिक्षाप्रद कार्यक्रम करेगा। युवाओ मे उत्साह जागा। सुधाकर ने सभी मबरो को बुलाकर सूचना दी। सभी खुश थे। सबमे अति उत्साह था। यह तय रहा कि आने वाले दल के बाद 'ज्ञानदीप' की तरफ से भी सास्कृतिक कार्यक्रम होगा। लड़के गवरी नृत्य की झलकिया दग और महिलाए लोक-गीत और नृत्य पेश करेगी।

रविवार का दिन। सुबह से ही चोकी पर तैयारिया शुरू हो गई।

सारे गाव के घर-घर मे खबर पहुच गई। सब शाम का खाना खाकर जल्दी-जल्दी पहुचने लगे बाध की चौकी पर।

सबमे पहले कठपुतली का तमाशा शुरू हुआ। रामा और पेमा दो दोस्त। एक खूब पढ़ा और पढ़ते-पढ़ते बहुत बड़ा आदमी बन गया। पेमा नही पढा। बनिया का कर्जदार बना। सारी उमर मेहनत-मजूरी करने मे ही बीत गई। कई साल बाद मिले। एक-दूसरे का हाल पूछा। रामा तहसीलदार बनकर उसी गाव मे आ गया। पेमा ने बनिए द्वारा छीने हुए खेत का हाल बताया। तहसीलदार ने वापस उसे उसका खेत दिलाया और कहा—"मूर्ख! अगर तू भी पढ लेता तो आज यह सब नही भुगतना पड़ता।"

बच्चो और बडो ने कठपुतली का खूब आनद लिया। उसके बाद छाटा नाटक हुआ। एक छाटा परिवार, दूसरा बडा परिवार। छोटा परिवार कम आमदनी मे भी खुश था और तरक्की करता रहा। बडा परिवार कम आदमनी ज्यादा खर्चे। बच्चे न तो पूरा पढ सके, न सुख से रह सके। छाटा परिवार सुखी परिवार।

इसे भी सबने पसद किया। छोटे परिवार की बात ही सबको भाई। इसके बाद 'ज्ञानदीप' के लडको ने गवरी नृत्य किया। ढोलकी और मादल की झनकार दूर-दूर तक गूज रही थी। हुड़ीलाल बणजारी बना था। कोई नहीं पहचान पाया। सभी औरत ही समझ रहे थे। उसके बाद कई आदिवासी नृत्य हुए। तहसीलदार विकास अधिकारी कनिष्ठ अभियता सहायक अभियता और अधिशासी अभियता भी उपस्थित

थ। सबने कार्यक्रम की प्रशसा की। उत्तम रह लागा का पुरस्कार दिए गए।

चम्पा और राजू अपनी मेहनत पर प्रसन्न थे। उनके प्रयास मे सभी ने अपनी कला का प्रदर्शन किया था। उद्योगशाला म तैयार अचार चटनी मुरब्बे हाथा-हाथ बिक गए थे। जितना भी सामान बना था सभी बिक गया था। कुछ लोग एडवास ऑर्डर दे गए थ। कायक्रम समाप्ति पर सबको गरमागरम गुलगुलो क साथ चाय दी गई। सबका खूब आनद आया। शहर का दल जाते समय वादा कर गया कि आप लाग अपनी तैयारी रखिए—"अगले कार्यक्रम म हम आपको प्राग्राम दने बुलवाएग।"

सुनकर चम्पा और राजू की प्रसन्नता का पार नही था। उन्होंने कभी सपने मे भी नही साचा था कि उन्ह शहर म कार्यक्रम के लिए बुलवाया जाएगा।

सुधाकर का सपना धीर-धीर आकार लेन लगा था। उस रात क बाद चम्पा को ठाकुर साहब न मना ता नहीं किया परन्तु सावधान अवश्य कर दिया कि राजू से दूर रहे नही ता 'ज्ञानदीप' जाना बन्द कर दिया जाएगा। राजू भी बहुत खाद-खोदकर जानना चाहता परन्तु चम्पा ने कोई उत्तर नही दिया।

जब उस रात वह सो नही पाई थी और ऊपर से माता-पिता की नाक-झाक मे सब जान गई वह। सत्य क्या हे—उस रात जान कर राजू के प्रति अधिक झुकाव बढ गया। उसके पिता ने जो पाप किया था उसका प्रायश्चित वह करगी। अपने स्वार्थ के लिए इन्सान कितना बडा अनर्थ कर सकता हे—उस विश्वास ही नही हो रहा था। मन-ही-मन पिता के लिए सारी श्रद्धा समाप्त हो गई थी। जनक वीभत्स रूप सामने था—'क्या करगे इतनी सारी जायदाद का ? आख मींचने के बाद क्या होगा इसका ? फिर वह लोभ लालच, छल प्रपच तेरा-मेरा किसलिए ?'

आज क कायक्रम की सफलता स उस जीन का एक राह मिल गई थी। जीवन का एक मकसद स्पष्ट हो गया। हम जब तक अपने ही लिए जीते है ता जिदगी एक बाझ लगने लगती हे। समुद्र म भटके दिशाहीन जहाज क समान लगती है जिदगी आर जब हम दूसरा के लिए जीना शुरू करते हे तो गाधी सुभाष परमहस विवेकानन्द बन जाते है।

आज उद्यमिक समिति की प्रदर्शनी म महिलाओ द्वारा बनाया गया सामान जब बिकना शुरू हुआ ता औरत कितनी खुश थी। शाम को जब उनक बिके सामान के मुनाफे के रुपये उन्ह दिए तो उनक चेहरे पर जा प्रसन्नता की लाली था कितनी अमूल्य थी। उनके श्रम स उपार्जित लाभ को पाकर कितनी प्रसन्न थी व।

चम्पा को कितनी खुशी हुई अदाज ही नहा। उसके द्वारा कितने परिवारा म खुशिया भर गई। इससे बडा शायद काई सुख नही।

इन सबम अगर राजू साथ न देता ता वह कहा हाती ? घर की चहारदीवारी म घुटती रहती। जीवन का सही अर्थ ही तब है जब हम औरा क लिए जिए। आज तहसीलदार विकास अधिकारी सभी इजीनियरो ने तारीफ के पुल बाधे तो वह

मालामाल हो गई।

× × ×

बरसात का मौसम आया ही समझो। रोज-रोज आसमान मे बादल छा रह हे। कभी भी बरसात हो सकती है। केशा बा की चिताओ का अत नही है। बाध के चारो ओर बिखरे सामान को ढूढ़-ढूढ कर इकट्ठा करने लगे। कही बरसात आ गई तो ? खराब हो गया तो ? केशा बा को चिता लगती है कि जिस दिन भी पानी आएगा कुए पर रखा इजन सबसे पहले डूबेगा। बार-बार एक ही बात कहेग—"बाबूजी शाम को इजन ऊपर ढाबे पर ले लो।"

"केशा बा आज ता आसमान साफ है। फिर बारिश की सभावना केसे ?"

"बावूजी आप नी जाणो। अने कसी घेड-माल जोतणी पडे है ?"

केशा बा की बात ठीक है। इन्द्र भगवान को कान से रहट की घड-माल बाधनी है। काई भरोसा नहा धडधड़ाकर कब बरसना शुरू कर दे ?

केशा बा सबको इकट्ठा करके ले जाते हे। एक बडे पाइप के टुकडे को इजन के आग लगवाते हें और एक पाइप पीछे। अब तीन जने तार बाधकर आगे से खाचते हे और तीन जन पाछे से धक्का दत हैं। जनशक्ति से इजन खिसकना शुरू हाता है। खाचते-खाचते काफी ऊपर चढाई तक ले आते हैं। जब उन्ह विश्वास हो जाता है कि अब यहा तक पानी नही चढगा तो वही रुकवा देत हं।

केशा बा चौकी का भार देवा का सौंप कर घर खाना खाने चले जाते हैं। सबको हिदायत कर जाते हे कि इजन रोज इसी तरह ऊपर चढ़ाना है जब तक बरसात का खतरा ह।

आज बाध की कुडली मे कुछ विशष घटना घटनी थी। सुबह-ही-सुबह सात बजकर दस मिनट पर अधिशासी अभियता साहब की जीप बाध पर आ पहुची। देवा भागा-भागा आया—"साब होकम एक्सईएन साब पधार्‍या हे।"

"ठीक हे अभी चलत हैं।" सुधाकर ने कहा।

तब तक कनिष्ठ अभियता साहब की आवाज आती है—"दवला । लवल पेटी गज, लाना।"

"अभी लाया होकम।" देवला ने कहा।

अधिशासी अभियता साहब आए हं लेवल चैक करन। ठकेदार का बिल बनाना है। कनिष्ठ और सहायक अभियन्ता ने एमबी म जा लवल चढाए हं वे सही हं या नही। सिचाई विभाग या पी डब्ल्यू डी काई भी हा सबके लिए एमबी यानि कि मेजरमेट बुक अर्थात् भू-मापन किताब किसी गीता-बाइबिल कुरान स कम नही है। बाध फट कर बह सकता है मगर बाध कब कितना बना उसकी दस्तावेज है एम बा । कही ठेकदार का काम स अधिक पमेट तो नही हो रहा ह। उसकी गवाह हे एम बा । इसलिए इस महत्त्वपूर्ण भू-मापन कार्यक्रम को सपन्न करने आया है यह काफिला।

साथ ही आवरा बाध का सुपरवाइजर स्टॉक कितना चुस्त-दुरुस्त है, उसकी भी लगे हाथ जाच हो जाएगी। सब चुस्त-दुरुस्त मुस्तैद हैं या अभी नीद मे अलसा रहे हैं। अलसात रहग ता कैसे काम चलेगा ? अलसाते रहने से ता बाध नहीं बन जाएग। जब स्टाफ ही सो जाएगा ता मजदूर क्या नही सोएग ? और जब मजदूर सो जाएग तो बाध भी साता रहेगा। इतने वर्षों तक आबरा बाध साता ही तो रह गया है। अब पूरी तरह जागा हुआ सुधाकर टीम मे सम्मिलित है।

अधिशासी अभियता साहब लेवल पढ़ना शुरू करते हैं। सहायक और कनिष्ठ अभियता अगली रीडिग के लिए देवला से गज आगे-आगे रखवात जाते हैं। अधिशासी अभियता साहब रीडिग नाट करते जाते हैं। कभी डाउन स्ट्रीम तो कभी अप स्ट्राम। लबाई-चौड़ाई और ऊचाई के जोड़-बाकी-गुणा-भाग से ही निकलेगा कि कितने घन फीट मिट्टी आई है अभी और कितनी चाहिए ? नाले के लेवल क ऊपर पहुचने के लिए कोन-सा अक पार करना पड़गा। वहा तक पहुचने के लिए कितने ट्रैक्टर प्रतिदिन कितने ट्रिप कुल कितने दिन पार करगे तब वहा पहुच पाएंगे।

सुधाकर अधिशासी अधियता की एम बी पकड़े-पकड़े साथ-साथ चल रहा है। अचानक अधिशासी अभियता पूछ बैठे—"क्यो सुधाकर जी, आपका क्या सोचना है ? यह बाध कभी भरेगा भी!"

सुधाकर ने पूरे विश्वास से कहा—"इस वरसात मे ही पूरा भर जाएगा, सर"

"इतने विश्वास स कैसे कह सकते हैं।" साहव ने पूछा—"क्या तर्क है आपका ?"

सुधाकर ने तर्क दिया—"सर जब आधे घटे की अच्छी बरसात मे ही यह पाच फीट भर गया तो पूरी बरसात म बाईस इच के रैनफाल के औसत से पूरा भरेगा ही।"

"मैं ऐसा नही मानता। दरअसल यहा एक छोटा एनीकट ही काफी था। आपके मित्र दिनेश का आगह था। यहा बनेगा तो बडा बाध ही बनेगा। काफी मेहनत की प्रोजेक्ट पर। हम भी मजबूरी मे हा कह बेठे।"

"सर। म अब भी पूरे विश्वास से कहता हू, यह बाध पूरा भरेगा ही। मेरा मन ओर मरी आत्मा गवाही दे रही है।"

"ठीक है पूरा भरवाइए। मगर ओटे के लेवल के ऊपर जाने के बाद। वना कितनी विनाश लोला हो जाएगी— भगवान ही मालिक है। अब आप ही जान सुधाकर जी। यह बाध आपके हवाले। इसकी रक्षा का भार भी आपके ऊपर।"

"अरे दिनेश जी! थोडा गज लेफ्ट मे रखवाइए। हा हा। बस ठीक है। ठीक है। नैक्स्ट । बस लास्ट वन रीडिग मोर इन द एड। ओ के पैकअप।"

भू-मापन का पुनीत कार्य सपूर्ण हुआ। सब लोग ऊपर चौकी पर आए। नाश्ता लग गया चाय बन गई।

सुधाकर जी। नो डाउट,' साहब ने चाय पीते हुए कहा—"आपने अपना

पूरा एफीशिएसी से काम करवाया है अब लास्ट प्रीकॉशन बहुत जरूरी है।"

"आप बताइए सर। जो भी सावधानिया बरतनी हं।" सुधाकर बोला— "हम काम मे लेगे।"

"दखिए टू बी वेरी फ्रैंक, बहुत साफ और सीधी बात हे— कद्रीय सरकार क आदशानुसार जुलाई म पहली अच्छी बुवाई लायक बरसात होते ही काम बद हा जाएगा। सेफ्टीमजर क लिए पीछे से पन्द्रह मीटर छोड दीजिए। पाच मीटर आगे से छाड़ दाजिए और बीच के पारशन का मिट्टी से भरत जाइए। मिट्टी ऊपर ही ऊपर चढाते जाइए जब तक हम अड़तास दस क लेवल तक नही पहुच जात। क्योकि अड़तास पर आत ही पानी ओटे स बहना शुरू हो जाएगा। अड़तीस दम इज आवर आउट ऑफ डजर पॉइट खतर से परे का निशान। और अगर हम किसी कारण इस लक्ष्य तक नहीं पहुच पाए और बरसात आ गई बाध पूरा भर गया ता "

सुधाकर ध्यान स सुन रहा था ता पर आते ही अधिशासी अभियता की वाणी का ब्रक लगता देख, उसने नजर उठाकर उन्ह देखा। अधूरा वाक्य छोड़कर अधिशासी अभियता आगे बोल— "साचना भी पाप है। डर लगता है कल्पना करके। फूट जाएगा बाध। टूट जाएग आपके सबके विश्वास। टूट जाएगी आस्था। लाखा रुपयो क साथ आप सबका श्रम पल म बेभाव बह जाएगा। गाव और मवशिया का क्या हागा ? नही सोचना ही अच्छा है।"

कना बा बाध क डाउन स्ट्रीम की लाइनिग डलवाकर, लेवल होने के बाद बचा हुई मिट्टी ऊपर डलवा रह हं।

कना बा सुधाकर को इशारा कर गए हैं— "आज आपके लिए साबुत बंगन और प्याज की सब्जी लाया हू, लच साथ करगे।"

आज शाम को गाव मे मृत्यु-भाज था।

यह भोज उसी हीरा बा की मृत्यु का था जा कभी इस बाध पर भी काम कर चुका था।

वह एक दिन ठाकुर रामसिह के खेत पर कुए की खुदाई कर रहा था। अदर कुए म यह जो पत्थर ताड़ रहा था उन्हे टोकरी म भरकर वापस खाली टोकरी आन का इतजार कर रहा था। अचानक रस्सा टूटा। पत्थरो से भरी टाकरी हीरा के सिर पर गिरी। उसका वही प्राणात हा गया।

हीरा का तरह साल का बटा बाध पर काम करने आता था।

वही सबको निमत्रण दे गया था।

माल पुए तो सुधाकर का नही खान थे मगर शोक प्रकट करने तो जाना ही था। फिर उसे इन खरवड़ चदाणा राजपूतो का मृत्यु भोज कैसा होता है यह देखना भी था।

बाध का सुपरवाइजर स्टाफ गाव पहुचा।

गाव म सबसे ऊची हवेली पक्की रोडा बा की है। सब वही ऊपर जाकर जम

गए। रोड़ा बा प्रसन्न।

आज सबन अचानक अनायास उन पर कृपा कर दी।

दरिया बिछाईं। नमकीन की प्लेट ले आए। बिस्किट क कई पैकट खाल डाले। चाय आ गई।

स्टील की कटोरियो म गरमागरम चाय का अलग ही आनद था।

रोड़ा बा की हवेली के पीछे गाव का चौरा और चार पर बहुत बड़ा विशाल बरगद का पड़। उसस सटे आम आर महुए के घने छायादार पेड़।

दूर दराज के गावा स लागो की भीड़ की भीड़ आती जा रही थी। लोग आ-आ कर पेड़ो की छाया मे लबी-लबी कतारा म बैठत जा रह थ। एक तरफ पुरुष दूसरी तरफ महिलाए। पुरुषो के सफेद धोती-कुर्ता जिसे जाबो या अगरखी भी कहते हैं। सर पर काला बुनकी का सफेद फेटा। बच्चे हाफ पैंट कमीज में। महिलाओं के काले छींट के घाघरे पर लाल छाट वाली लूगड़ी या डार्क मैरून कलर की ओढनी। घाघरे स्कर्टनुमा ऊच-ऊचे क्याकि इन्ह ही पहनकर उनका खतों म निदाई गुड़ाई और पाणत करनी पड़ती है सा मिट्टी-पानी स खराब नहीं हो। घाघरे का घेर अस्सी कली का। घुमावदार घाघरा अलग ही छटा दता है। दूर से हवेली के ऊपर से देखने पर ऐसा लग रहा था जैसे बड़े-बड़े लाल फूल बिखरे हुए हो।

देखते देखते चार-पाच हजार व्यक्तिया का जमावड़ा हो गया। चौक के बीचा-बीच एक घेरे म पत्तल बिछा दी गईं। अब उन पर गाव के लोग रसोईघर से माल पुए ला-लाकर ढेर करने लगे। ढेर इतना बडा हो गया जैसे मालपुओ का छोटा टीला उग आया हो।

पिछली रात से ही माल पुए बनने लगे थे, तब जाकर ये बन पाए।

पच लोग इकट्ठे हुए। निरख निकाली जाने लगी। निरख का अर्थ निरीक्षण से है। निरीक्षण से यह पता लगाया जाता है कि कुल आदमी-औरते बच्चे कितने हैं ? उस अनुपात मे माल पुए कितने मण आटे के हैं। प्रति व्यक्ति कितना हिस्सा आएगा।

पचा ने निर्णय किया— दूध पीने वाले बच्चे के एक पैदल चलने वाले बच्चे के दो किशोर और बड़े पुरुषो-स्त्रिया के चार-चार।

पगत मे आगे-आगे लोग पत्तल रखते जा रहे थे। पीछे पचा के निर्णय अनुसार माल पुए परोसने वाले माल पुए रखते जा रहे थे।

जिन-जिन लोगो को मालपुए बट गए वे अपने-अपने कपड़े-हस्थाड़े— थैली मे बाधकर उठते गए। अपने-अपने गाव रवाना होने लगे।

जिस तरह भीड़ बढ़ी उसी तेजी से घटने लगी। अगर माल पुए कम हो भीड़ बढ जाए तो मालपुओ का अनुपात घट जाता है यही है यहा मृत्युभोज का नियम।

सुधाकर लौट आया था। अन्य सभी भी लौट चुके थे।

आज हाजरी काफी कम थी।

कारण पूछा तो लकमा ने जवाब दिया—"होकम आज खरवड़ चदाणा रे नुगतो है।"

"ये नुगतो क्या होता है रे ?" सुधाकर ने पूछा।

"होकम करियावर। नही समझे ? मृत्युभोज।"

"अच्छा-अच्छा, जो कुए म काम करते मरा था हीरा ? उसका ही मृत्यु-भाज है ?"

"हा होकम। आप जल्दी छुट्टी नहा दा तो ? इसलिए लोग सुबह से ही मालपुए खाने के नाम पर गायब हैं।"

"साहब होकम, आज नुगता म जाणो है। जरा-सी जल्दी छुट्टी छावेगा।" वह हाथ जोड़कर खड़ा हो गया तव तक दूसरा आ गया, फिर तीसरा।

सब सुधाकर का चेहरा देख रहे थे। आज उन्हे लगा कि उनका लोकनायक ही उनके बीच आ खड़ा हो गया है।

"ठीक है चले जाना। मगर तुम लोग मृत्यु-भोज खाना बन्द क्या नहीं कर देते ?"

एक ने उत्तर दिया—"सब खाते हैं। हम भी खाते हैं होकम। जातरो नियम है, होकम।"

"तोड़ क्या नहीं देते ऐसे सत्यानाशी नियम को। एक कुए म गिरता है तो क्या तुम सब भी गिरोगे ? तुम भेड़ नही हो, आदमी हो। अपना भला-बुरा खुद सोचो।"

"तुम माल पुए खाओगे बस एक दिन और उस गरीब की रोटिया छीन लोगे जिदगी-भर की।" सुधाकर ने समझाया—"मरने वाले के दु ख से उसके घर वाले पहले ही दु खी हैं और अब तुम माल पुए खाकर उन्हे कर्ज मे डुबोकर और दु खी करोगे। यही है तुम्हारी जाति का नियम ? मरे को और मारना।"

"बाबूजी यह तो कुछ भी नही है।" लकमा ने कहा—"करने वाले सौ-सौ मण के माल पुए कराते हैं। बारह-बारह गाव जीमने आते हैं।"

"माना कि लोग ऐसा करते हैं।" सुधाकर का उत्तर था—"अपनी इज्जत की खातिर करते हैं। कोई ज्यादा करक इज्जत बढ़ाने के चक्कर मे करता है। किसी की इज्जत नही चली जाए, इसलिए करता है।"

सुधाकर ने लकमा को ही सबोधित किया, पर कहा सबको ही था।

"क्या फायदा है झूठी शान-शौकत मे ? तुम्हे क्या पता चलता है कि उसने बनिये से पच्चीस हजार कर्ज पर लेकर नुगता किया।"

"क्या पता चलता है कि उसने अपना खेत बेच दिया नुगते के खातिर और सारी उमर मजदूरी करनी पड़ेगी ?"

'क्या पता चलता है कि घर गिरवी रखकर माल पुए खिलाए हैं ?"

"क्या उस दिन इज्जत बढ़ जाती है उसकी ? फिर कौन-सी इज्जत के लिए

सव कर रह हा ? जो है ही नहीं ? जिसका कोइ अर्थ नहीं ? जिसके खातिर सारा जिदगी दु खा म काटना पड़।"

"मगर पहल कौन कर हाक्म ?" एक मजदूर का प्रश्न था।

"गाव का सबस बड़ा। सबसे धना ?"

"मगर धनी व्यक्ति के पास पैसे की कहा कमी है ? वह ता करता ही धन क प्रदर्शन क लिए है। राना ता गरीब का है।"

"उस गरीब की पहल से ता लोग यही कहगे— घर म खाने को दाण भा नहीं थे। बाप का नुगता कहा से करता ? ज्यादा-स-ज्यादा समाज क किसा काम के समय ताना दग— बाप का नुगता ता कर नहा सका यहा राय दे रहा है ?"

"किसी को ता पहल करनी होगा। कोई ता गाधी बना। बिना सत्याग्रह क सुधार होने से रहा।" सुधाकर न कहा— "बनिया तुम्हार खेत-घर गिरवी रख-रखकर, तुम्हारी पसीन की कमाई ब्याज म ही हड़पता रहगा।"

"बाप का कर्ज उतरगा नही, तब तक मा का नुगता आ जाएगा। इस तरह ता तुम जीते हुए भी मरे समान हा।"

"मगर जाति, पचायत ?"

"तुम्हारी पचायत ही अपना कानून बनाकर बद करवा सकती है। पच फैसले को कौन टालेगा ?"

लकमा न कहा— "आपका फरमाना सही है होकम।" मगर पचायत तय करे तब न ?"

इस तरह बाप-दादाओ का कर्ज चुकाते-चुकाते एक दिन खुद मर जाओगे। बेटा को वसीयत मे द जाओगे यह सनातन कर्ज। सनातन गरीबी। केवल एक दिन चार माल पुए खाकर, क्या खरीद रह हो मौत ?" सुधाकर को गुस्सा था समाज के नियम पर। इसी कारण बिफर पडा— "बद करो इसे। बद करो। न जीमने जाओ न जिमाने की जिम्मदारा। खाया नहा तो खिलाने की कहा जरूरत ?"

तब तक फिर एक मजदूर आया— "साहब हाकम। शाम को जरा जल्दी छुट्टी चाहिए। एक मौके पर जाना है ?"

"छुट्टी ता मिल जाएगी। परतु यह मौका किसी और की मौत का नहा है। तुम्हारी ही मौत का मौका है। यह सीधी-सी बात भी तुम्हारी समझ म क्यो नहीं आती ?"

"साब होकम।" फिर एक कुली आई— ' आज जरा जल्दी ।"

"हा हा सब मालूम है। पन्ना का बाप मरा है। कुए मे सिर पर पत्थर गिरन से अकाल मौत मरा है। उसकी मौत के माल पुए खाना चाहते हो ? केशी आती है काम पर।'

"आज उसके लूगडे का रग लाल स काला हो गया है उस खुशी मे माल पुए खाना है ? उस केशी की चूड़िया टूट गइ हैं। उसकी बिंदिया पुछ गई है,

उसका सिदूर लुट गया है, उसके मालपुए खाना है ? पन्ना आज बे-बाप का अनाथ हो गया है उसकी दावत खाना है ? पन्ना सुबह औजार जमा कराने आया था। अब काम पर नही आएगा। सबसे बड़ा अब घर मे वही है। सफेद पगडी वही बाधेगा, उस खुशी मे शरीक होना निहायत जरूरी है क्यो ?''

सुधाकर चाह रहा था कि इनको सहजता से सुधारे पर अधविश्वासो मे जकड़े अपनी पुरखा से चली आ रही परपराओ से कोई लड़ना नही चाहता— तभी सुधाकर न निर्णय कर लिया—''कही तुम्हार पहुचने से पहले माल पुए खतम नही हो जाए, इसलिए जल्दी छुट्टी चाहिए तुम्हे ? भाग जाओ सब। कोई जल्दी छुट्टी नही मिलगी।''

उसन केशा बा को सबाधित किया—''केशा बा कह दो इन सबको माल पुए खान के नाम पर कभी कोई जल्दी छुट्टी नही मागे। समझा देना सभी को कोई भा गया तो उस दिन की गैरहाजिरी।''

''बड़ो होकम।'' केशा हाथ जोड़कर बोला।

सुधाकर तमतमाता हुआ अदर चला गया।

भोले अनपढ गाव के लोग समझ ही नही पा रहे थ कि माल पुए खाने के नाम पर बाबूजी चिढ़ क्या जात ह ? छुट्टी क्यो नही देते ? माल पुए ही तो खाने जा रह हैं। किसी की चोरी तो नहीं कर रहे हैं ?

कहा समझेगे य बात। मृत्युभाज कितनी विनाश करने वाली परपरा है। कितना मीठा जहर है। कितनी खतरनाक कु-प्रथा है। न जाने कौन मसीहा बद कराएगा यह मृत्युभोज ? महाभोज ? कब बद हागे ये सो-सौ डेढ-डेढ सौ मण के माल पुए ? गाव मे चाहे स्कूल न हा अस्पताल न हो गरीब को रोटी न हो, परतु सौ मण के माल पुए अवश्य बनगे।

हद तो तब हो जाती है जब दूसरे दिन हाजरी के समय बाबूजी को खुश करन के लिए ले आएगे ढेर सारे माल पुए।

''मैं तुम लोगो का पचास बार कह चुका हू कि मैं मृत्युभोज नही खाता।'' सुधाकर ने कई बार कहा है—''मत लाओ माल पुए मेरे लिए। फिर क्या ले आते हो ?''

''आप नही खाए तो क्या ? स्टाफ म और लोग भी तो ह ? वे तो खाएगे होकम।''

ठीक बात है— सुधाकर का सिद्धात सबका सिद्धात तो नही हो सकता। मीठा खाने को मिल रहा है किस मतलब से बना, उससे किसी को क्या लेना-देना ? खाना-पीना ही तो आकर्षित करता है उसके पीछे कारण और आदमी की मजबूरी पर ध्यान नही जाता न।

मृत्युभोज देखकर गाव मे सबसे राम-राम करते मिलकर आते-आते देर हो गई। गगापुरी को भी आज गाव म होन वाले मृत्युभोज मे जाना था। जल्दी-जल्दी

अधपका खाना बनाकर भाग छूटा।

सुधाकर ने व स्टाफ के सभी लोगो ने खाना खाया। खाने के घंटे-भर बाद सुधाकर का जी मचलाने लगा। उल्टियां होनी शुरू हो गई। चार-पाच उलटियां होने पर जगदीश घबराया—"साहब, गागुदा से डाक्टर बुलाऊ ?"

"नहीं रहने दो। अब कुछ नहीं होगा। आज रोटियां कच्ची थीं। नाबू हो तो शिकजी बनाकर ले आओ।"

सुधाकर को शिकजी दी। दोनो कुछ देर कल की प्लानिंग पर चर्चा करते रहे।

देखते-देखते आसमान काला हो गया। तेज हवाओ के अंधड़ चलने लगे। धीरे-धीरे बूदा-बादी होने लगी।

जगदीश ने कहा—"सर, अदर चलिए। बिस्तर अदर लगवा देता हू।"

"थोड़ी देर रुको। ये बूंदे अच्छी लग रही हैं। सावन की बदली है, छिड़काव करके निकल जाएगी।"

"सर आसमान की रगत और हवाओ के रुख अच्छे आसार नही बता रहे हैं।"

देवा ने कहा—"साहब होकम, अदर ही पधार जाओ। पछमती बादली या तो बरसे नहीं और बरसनी शुरू हो जाए तो रुके नहीं।"

जगदीश और देवा के अपने तर्क सही थे। लोक चारण भड्डरी घाघ ने सदियो पहले अपने और लोकानुभवो को अपार देन इन लोगो के पुरखो-दर-पुरखो तक को दे दी है। वही लोकानुभव आज काम आ रहा है।

केशा बा ने अपना तर्क दिया—

"तीतर वरणी बादली, विधवा काजल रेख।

या बरसे, वा घर करे इण मे मीन न मेख।।"

तीतर के रग समान बादली और नयनो मे काजल डालने वाली विधवा का ढग देखकर यह तय है कि ऐसी औरत कहा घर बसाएगी ही और तीतर के रग वाली बादली जोरदार बरसेगी ही।"

सुधाकर को बरसात आने के नये सकेत और प्रतीक सुनकर अच्छा लगा। देखते-देखते छीटो की रफ्तार बढी। विवश हो अदर आना ही पड़ा।

देखते-देखते बादलो ने उग्र रूप धारण किया और तेज गर्जना के साथ बरसना शुरू।

अचानक केशा बा को ध्यान आया। केशा बा बोले—"साब होकम कुआ इजन रो कई वेगा ? आज निकलवाई ने ऊपर नी लाया ?"

"कैसे लाते केशा बा ? सब जने तो गाव के मृत्युभोज मे चले गए थे। चौकी पर तो अकेले आप ही रह गए थे।"

केशा बा घबराए—"साब होकम भूल भारी पड़ गई। अबे कई वेगा ?"

"केशा बा आप ही बताइए इस अधेरी रात घनघोर बारिश मे कर हो क्या

सकते है ?"

"पर अब ?"

"इतनी देर में तो इजन डूब भी गया होगा, जो होगा कल ही देखेंगे।"

× × ×

पानी बरसना शुरू हुआ तो रुकने का नाम ही न ले। इतनी तेज बरसात सुधाकर न अपने जीवन में कभी नहीं देखी। गुस्सा खा-खाकर तड़तड़ा कर पानी बरस रहा था। मानसून जैसे पागल हो गया हो। आज सुबह ही तो अधिशासी अभियन्ता साहब ने कहा था—"हमने बेकार ही इतना बड़ा बाध बना लिया। यह तो भर ही नहीं सकता।"

जैसे मानसून ने सब सुना हो। इन्द्र भगवान को भला कोई एक अदना-सा सिंचाई विभाग का अधिकारी चेलैंज करे। यह भला कैसे बर्दाश्त होता ? सुबह आठ बजे कहा और इधर ठीक रात्रि के आठ बजे पानी बरसना शुरू। मात्र बारह घंटे में ही। दूसरा सूरज भी नहीं निकलने दिया।

लगा कि मानसून जैसे राह भटक गया हो—"हे भगवान। यह क्या हो रहा है ? इतना पानी यह बेचारा छ माह की कच्ची उम्र का ओबरा बाध। कैसे झेल पाएगा यह बोझ ?"

ओबरेश्वर महादेव अब तू ही रक्षक है इस बाध का। ओबरा बाध के नक्षत्रों में अभी और क्या-क्या देखना है। सुधाकर की अर्ज नि शब्द थी—'हे देवी मा! बाध की तू ही लाज रखना। गाव को डूबने स बचाना।'

पानी एक बार बरसना शुरू हुआ तो रुकने का नाम ही नहीं। राजधानी या शताब्दी ट्रेनें तो दिल्ली से कलकत्ता के बीच चार जगह रुकती भी हैं, लेकिन पता नहीं इन्द्र किसके साथ कम्पटीशन करना है ? जैसे नहां रुकने की कसम ही खा ली हो।

रात के बारह बजे होंगे। एक छाते मे सुधाकर और देवा बाहर आए। टकी के पास खड़े होकर कैंप के ठेकेदार देवीसिह को आवाज दी—

"देवीसिह । देवीसिह ।"

बरसात की आवाज मे उनकी आवाजे वहा तक मुश्किल से पहुच रही थीं।

"देवा, नीचे पाल पर चलते हैं। जहा तक आगे बढ़ सकेंगे बढ़ते रहेंगे।"

"साब होकम, खतरा मोल मत लो। पाल पर दिन-भर मे डाली गई मिट्टी का ढेर पड़ा है।" देवा ने सावधान किया—"उस मिट्टी की आज कुटाई भी तो नहीं हो पाई।"

"कोशिश करने में क्या हर्ज है, रे ?" सुधाकर बोला।

"साब, मुझे डर लग रहा है। य कोशिश तो सीधी हमे मौत के मुह में ले जाएगी।"

"तू नहीं आता है ता मत आ। मैं अकेला ही जाता हू।"

"साब, दवला किसी भी कीमत पर आपको अकेला नही जाने देगा।"

"जब मरना ही है तो दोना साथ-साथ ।"

एक-एक कदम उठाना भारी पड़ रहा था। सीढ़िया खत्म होते ही चार कदम बढे हागे कि काली चिकनी मिट्टी पूरी दल-दल बन चुकी थी, उसम सुधाकर का दाहिना पाव घुटनो तक कीचड़ म धस गया।

"देवला आगे मत बढना" सुधाकर चिल्लाया—"मेरा एक पाव कीचड म धसता जा रहा है।"

"साब हाकम, हिम्मत रख। मैं लाठी बढा रहा हू। धीरे-धीरे इसके सहार मेरी तरफ बढिए। पूरा जोर एक साथ मत डालना। नही तो हम दोना ही फस जाएँगे। किसी को पता भी नही चलगा कि हम यहा हैं। हमारी समाधि यहा कीचड़ म ही बन जाएगी। हम चौकी मे किसी को कहकर भी तो नही आए।"

"हा, देवा। लाठी कसकर पकड़े रखना। तू पीछे जितना खिसक सके, खिसक ले। सीढ़ियो की दीवार को कसकर पकड़े रखना एक हाथ से। मैं दूसरे पाव पर जोर लगाता हू। तू लकडी को पूरे जोर से खीचना।"

"ठीक है होकम। में लाठी को खीच रहा हू। आप कसके पकड़ना।"

जैसे ही देवा ने जोर लगाया लाठी फिसलकर देवा के हाथ मे। देखते-देखते सुधाकर का दूसरा पाव भी अदर।

"साब ? साब ? ये क्या किया साब ? लाठी छोड़ दी ? आप कहा हैं साब ?"

"दवा मैं कीचड़ म धस रहा हू। लाठी छोडी नही छूट गई।"

"हिम्मत नही हारे साब। में लाठी फिर बढ़ा रहा हू। इस बार आप दोनो हाथा से कसक पकड़। मैं दोना हाथा स कसक खाचता हू।"

दवा न जोर लगाया। इस बार तरकीब काम कर गई। देवा का आदिवासी जोर। दम लगाकर खीचा देवा ने। कीचड़ मे से फिसलते हुए ऊपर आने लगा सुधाकर। धीरे-धीरे कठोर मिट्टी पर आते ही जान म जान आई। एक क्षण की भी देर होती ता शायद कीचड म समा जाता सुधाकर।

सीढियो पर बैठकर दम लिया दोना ने। देवा ने जार-जार स केशा परभू, जगदीश तीनो को आवाज दी। केशा बा परभू और जगदीश भागे-भागे आए। वे अधेरे म कुछ भी समय नही पाए कि माजरा क्या है ?

अधेरे म ही देवा ने कहा—"आखिरी सीढी पर बाबूजी बैठे हैं उन्हे उठाकर ऊपर ले जाना हे।"

"बाबूजा का हुआ क्या है ?" जगदीश ने पूछा।

"सब ऊपर चलकर पूछना।"

अधेरे म सबने टटालकर सुधाकर को उठाया। ऊपर चौकी पर लाए। एक ने चूल्हा जलाया। सुधाकर को आग के पास बैठाया। पावा से कीचड़ साफ किया।

इतनी देर तक पाव कीचड़ मे फसे रहने से ठडे टाप हो गए थे।
सुधाकर ने उन्हे बताया—"पाव सुन्न पड़ गए हैं। उनमे जैसे जान ही नही रहा।"
जगदीश और केशा बा सुधाकर के दोना पावा मे तल गरम करक मालिश करने लगे। आग और मालिश से पाव चैतन्य हुए। परभू ने चाय बना दी। गरमा-गरम चाय पीने के बाद सुधाकर स्वस्थ हुआ।
"केशा बा, आज दवा नहीं होता ता तुम्हारे बाबूजी गए थे।"
"साव, होकम। आप दोई अकला जावा रो मूरख मतो क्यू कीधो ? म्हाने हुकम करता। अबै आप आराम करा।" केशा बा ने कहा।
"आराम कहा केशा बा ? ये बरसान वाला कहा आराम कर रहा है ? हम सो गए और बाध फूट गया तो ?" सुधाकर ने अंदेशा जाहिर किया।
"सर आपने किया तो गलत ही। मुझे परभू को केशा बा को सबको उठा देते।"
"तुम लोग दिन-भर के थके-हारे सो रहे थे। सोचा क्या परेशान करू ?"
"क्या आप थके हुए न थे ? खैर अब जो भी करना है हमे आदेश दे।" जगदीश ने कहा।
"कैप्टन का काम है, कमान को आदेश देना।' केशा बा ने निवेदन किया।
"आप लोग देवीसिह को आवाज दो। सैल्यूस के पास टॉर्च से देखे कि पानी की क्या स्थिति है ?" सुधाकर ने आदेश दिया—"उस स्थिति से ही हम बाध की भराव क्षमता का पता लगेगा।"
"ठीक है सर! आप आग के पास आराम करे।" जगदाश ने सुझाव दिया।
पावो को सकते रहे।"
"देवीसिह देवीसिह देवीसिह " सबने आवाज लगाई।
"क्या है ?" देवीसिह ने उत्तर दिया।
"सैल्यूस के पास टॉर्च जलाकर देखो" जगदीश ने कहा—"पानी कहा तक आया है ?"
"पानी सैल्यूस म घुसना शुरू हो गया है ?"
"ठीक है तुम हर आधे-आधे घटे मे पानी देखकर रिपोर्ट करना "
"ठीक है "
जगदाश ने भी लौटकर रिपोर्ट दी सुधाकर को।
"सर। दवीसिह का कहना है कि पानी सैल्यूस म घुस रहा है।"
"ठीक है जगदीश। तुम्हे याद है जिस दिन हमने सैल्यूस का किवाड़ लगावर ट्राई किया था!" सुधाकर ने प्रश्न किया।
"हा सर याद है। मैने कहा था इसे लगा ही रहने दे।"
"अगर उस दिन मैने तुम्हारी बात मान ली होती तो ?"

"बड़ा अनर्थ हो जाता, सर। बड़ो का अनुभव ही तो काम आता है सर।"

"हम युवाओ को अभी बहुत कुछ सीखना है आपकी पीढ़ी से।"

"सही अर्थों मे अगर युवा पीढ़ी सीखे तो उन्हे बहुत लाभ होगा। एक तो उनका आज के वैज्ञानिक युग का अनुभव, दूसरा बुजुर्ग पीढ़ी का अनुभव दोनो मिलकर कितना कुछ कर सकते हैं। परतु हो रहा है उल्टा। युवा आज कहेंगे— आप चुप रहिए। आपके दिन लद गए। आपके दकियानूसी विचार आज काम के नहीं।"

"सर बाहर जाता हू। शायद देवीसिह की आवाज है।"

"ज्यादा दूर मत जाना। सीढियो से नीचे मत उतरना" सुधाकर ने छाता बढ़ाया— "छाता लेकर जाओ। परभू, तू भी साथ जा। कही अधेरे मे पाव फिसल गया तो ? सुनो ओबरेश्वर महादेव मन्दिर से आगे मत बढ़ना।"

"आप निश्चित रह सर। हमे कुछ नहीं होगा। जब तक आप जैसे हमारे सरपरस्त हैं।"

"बाबूजी । जगदीश । परभू ।"

दूर से देवासिह की आवाज आ रही थी।

"हा बोलो देवीसिह ।"

"सैल्यूस आधा डूब गया है ।"

"ठीक है । आधे घटे बाद फिर बताना ।"

"आधा सैल्यूस डूब जाने का मतलब है सैल्यूस मे तीन फीट का पानी बह रहा है। सैल्यूस है पूरे छ फीट की हाइट का। मैं उसमे आसानी से चलता हुआ गया था। सैल्यूस का गेट है दो फीट लबा, एक फीट चौड़ा। अदाज लगाओ कितनी रफ्तार से पानी निकल रहा होगा।"

"सर, पानी का तेजी से निकलना ही बाध की सुरक्षा है।"

"हा य तुम्हारा कहना तो सही है, जगदीश। मगर आउट गोइग वाटर से इनकमिग वाटर अधिक है ये क्या भूल रहे हो ? आबरा बाध का कैचमेंट एरिया कितना है ?"

"सर उस दिन अधिशासी अभियता साहब बता रहे थे, पाच किलोमीटर से अधिक ही है।"

"फिर पानी बरसने की रफ्तार और तेज ढलवा बहाव पानी को सीधा बाध में पहुचा रहे हैं।"

"हुजूर, मैंने पहले ही कहा था इसे कौन से मेड़माल जोतणी है।" केशा बा बीच मे बोले।

"हा केशा बा!" सुधाकर को वह कथन याद आए— "आपका कहना एकदम सही था। इसे किसी मेड़माल की जरूरत नहीं। मगर क्या पूरी बरसात का पानी आज एक ही दिन में बरस जाएगा ?"

"जरा भी तो रफ्तार कम नहीं हुई जगदीश ?"

"साब हाकम, म्हारी ऊम्मर सित्तर ऊपर वेगा। मैं भी पैली दाण अतरी बरसात देखी।" केशा बा ने अपना अनुभव सुनाया।

"हे भगवान। लाज रखना। लाखा रुपया की लागत। छ माह की मेहनत। कैस बचेगा ओबरा बाध।" सुधाकर ने मन-ही-मन ओबरेश्वर महादेव को नमन किया और कहा—"बचाना ही होगा। ओबरेश्वर बचाना ही होगा, हर हालत मे बचाना होगा। कितन लोगा की आस्था और निष्ठा का प्रतीक है यह। नही टूटेगा, हर्गिज नही टूटेगा यह।"

"बाबूजी किस चिता मे खो गए आप।" देवा ने सुझाव दिया—"सोने की कोशिश कर।"

"ऐसे म नीद कैसे आएगी देवला। चिता तो बस बाध को फूटने से बचान की है रे।"

"पर सर, ऐसे मे कर तो क्या करे ?"

सुधाकर को भी वह सब याद आ गया कि कनिष्ठ अभियता साहब को कितनी बार कहा कि कुछ टार्चें और पेट्रोमेक्स भिजवा दे। पर, हमारी सुनता कौन है ?

टार्चें आ गईं तो सेल गायब।

पेट्रोमेक्स भेज तो घासलेट नदारद।

एक-एक चीज का टडर होगा।

ऑर्डर जाएगा और जब तक सामान आएगा। उसकी उपयोगिता समाप्त हो जाएगी।

फिर सुधाकर ने स्वय ही सोचा—"वे भी क्या करे ? सरकारी नियमो से बधे हैं। उनकी विवशताए अपने ढग की हैं।"

"एक मिनिट सोचिए सर, अगर देवीसिह के पास भी टार्च नही होती तो हमे पानी के भराव का क्या अन्दाज हाता ?" जगदीश ने प्रश्न किया।

"केशा बा बाबूजी जगदीश जी "

देवीसिह की आवाजे थी।

"हा हा । बोलो देवीसिह ।"

"सैल्यूस डूब गया है ।"

"सैल्यूस डूब गया है ।"

"सर, बुरी खबर है।

"पानी बहुत तेजी से बढ रहा है।"

"क्या ?"

"सैल्यूस डूब गया है।" जगदीश घबराता हुआ अदर आने लगा पर सुधाकर बाहर आ चुका था।

"हा मैंने सब सुन लिया है।" सुधाकर ने शाति से उत्तर दिया।

"आप बाहर क्यो आए हुजूर ? थोड़ा तो कहा माने होते आज।" केशा बा

ने मिन्नत म कहा—"अभी थोड़ा आराम कर लगे ता कल मार दिन आराम स काम कर सकग।"

"अगर ओवरा बाध सलामत रह गया तो।" सुधाकर ने हताशा म कहा—"फिर तो सारी उमर आराम ही करना है। कहीं कुछ हो गया, तो जानते हैं कल क्या होगा ?" सुधाकर खड़ा-खड़ा यही सोच रहा था—"सारा गाव पूरा गोगुदा उदयपुर कहेगा कि सुधाकर शर्मा बाध की चौकी पर सारा रात आराम स सात रहे और बाध फूट गया। अगर वे लोग जरा भी अक्ल से काम लेते तो बाध का फूटने स बचाया जा सकता था।"

सारे के सारे अखबार सुर्खियों स भरे होग।

'सुधाकर शर्मा की लापरवाही स बाध फूटा।"

"लाखो की जान-माल के नुकसान का जिम्मेदार सुधाकर शर्मा।"

"एक जाच कमीशन ओवरा बाध की क्षति का आकलन कर और सुधाकर को कड़ से कड़ा दड दे।"

"सैकड़ो लोगो की मौत का कारण सुधाकर शर्मा।"

"सुधाकर शर्मा को फासी की सजा मिलनी चाहिए।"

"मुझे कुछ करना होगा।" सुधाकर ने निर्णायक कदम उठाने का निश्चय कर आगे बढ़ने का उपक्रम किया ही था कि देवा, केशा और जगदीश ने सुधाकर का जकड़ लिया।

"नही, नही सर। हम सब आपके साथ हैं। हमारे जीते जी ओवरा पर आच नही आने देगे।"

"मेरे साथ-साथ तुम लोग भी बच पाओगे बदनामी स। अभी हम यहा कुल कितने लोग हैं ?"

"सर आप, मैं, केशाबा, देवाजी, परभू, सरकारी रोलर चलाने वाले मुनव्वर सहित छ तथा उत्तरी छोर पर ठेकेदार कैम्प म देवासिंह और चाचा मेघराज कुल आठ।"

"आठ तो हम आठ सौ के बराबर हैं। अब बाध को नही फूटने देगे।"

सुधाकर एक के बाद एक तेजी से निर्णय लेता जा रहा है। सभी लोग हक्के-बक्के थे। पर उनका भी दृढ़ निश्चय था कि बाबूजी को अकेले नही जाने देगे। मरेगे तो साथ और जिएगे तो साथ।

सुधाकर ने सभी उपस्थित लोगो पर एक निगाह डाली और निर्देश देना शुरू किया—"केशा बा औजारो मे गैंतिया फावडे और तगारिया जितनी हैं उन्हें निकाल लो। हम किसी भी क्षण जरूरत पड़ सकती है।"

"औजार सब तैयार हैं होकम" केशा ने कहा "आपके मागने की देर है।"

"हमे करना क्या है सर।" जगदीश ने पूछा—"बस आप हम डायरेक्शन दे दे।"

केशा बा बाहर निकले अपनी औजारा की कोठरी सभालने। सामने शहर जाने वाले रास्ते पर उनकी निगाह पड़ी। टार्च जलाकर काई इधर आ रहा था। प्रकाश कदम-दर-कदम आगे आता जा रहा था।

"साहब होकम, इधर काई आ रहा है। टार्च लेकर।" कशा बा ने वही से आवाज लगाई।

"इतनी रात गए दो बजे।" जगदीश ने कहा—"कौन हो सकता है ?"

"जो भा हो। हिम्मत वाला है। हमारा शुभचितक ही हागा।"

सभी का निगाह उधर ही टिक गईं।

धारे-धारे रोशना पास आती गई।

चाकी क बाहर आकर राशनी रुकी।

"सर राजेन्द्रसिह आपकी सवा म हाजिर है।"

"अर वाह! राजू तुम इतनी तूफानी रात म ? पहुचे कैस ?"

"ये मत पूछिए सर! घर स निकले एक घटा हा गया है जबकि मुश्किल से दस मिनट का रास्ता है।"

"बड़ी हिम्मत की भाई! परभू एक बार सबक लिए चाय बना। ले राजू, इधर आ। आग के पास बैठ। गरम हो ले।"

"मजा आ गया। यहा ता रतजगे का माहौल हा रहा ह। इतनी बढिया आग तापने की ता कल्पना भी नही कर सकता। कैम्प-फायर की याद ताजा हो गई।"

"राजू भैया, ये आग सर को गरम करने क लिए जलानी पडी। य तो ठीक रहा भगवान ने लाज रख ला, वर्ना ।"

"वर्ना क्या र ?"

"सबका मुह काला हो जाता।"

"हम मुह दिखाने लायक नही रहते।"

"मगर क्या ?" राजू विचलित हो उठा। "कुछ बताओ भी ?"

"देवला और साहब बाध का पानी दखने के लिए हम जगाए बिना नीचे उतर गए। टार्च भी नही। नीच पाल पर उतरते ही कमर तक कीचड मे फस गए। ज्यो-ज्या निकलन की कोशिश कर त्या-त्यो अन्दर।"

"फिर ?"

"फिर क्या। दवा की लाठी ने लाज रखी। लाठी को पकडाकर देवा ने जोर लगाया। हम सबकी किस्मत ठीक थी कि सलामत निकल आए साहब। हाथ-पाव बर्फ के समान ठड। एकदम सुन्न। फिर सब जने उठाकर ऊपर लाए। आग जलाई गरम तेल की मालिश की चाय पिलाई तब जाकर ठीक हुए।"

"कमाल है सर इतने आदमिया के होते हुए भा आपने अकेले जाने की साची कैस ?"

"जैसे तूने इस तूफानी रात म यहा तक अकेले आने की सोची ?"

तब तक परभू चाय ले आया था।

"ले चाय ले, युद्ध म हमेशा कैप्टन को आगे रहना पड़ता है रे ? फाज हमेशा उसके पीछे चलती है। पहले कैप्टन को ही शहीद होना पड़ता है। फौज को उसके बाद ही जोश आता है और युद्ध जीतती है। यकीन न हो तो इतिहास उठाकर देख ले।"

"अपना भी तो हाल सुना रे।"

"इदरजी तो खूब ही बरसे होकम।"

"नाराजगी के साथ बरसे हैं।"

"हमारी परीक्षा लेने आए हैं।"

"परीक्षा म तो सफल हो गए हैं, सर।"

"इतना पानी यो ही नही बरसता।"

"बधा फूट जाएगा, राजू।"

"हमारी आस्था है ओबरा का बधा।" राजू ने कहा—"कैसे टूटने देंगे ?"

"चलो तुम आ गए तो और अच्छा है।" सुधाकर ने उसके कधे पर हाथ रखते हुए कहा—"दो हाथ दो पाव और बढ गए अब तो।"

"आप हुकुम फरमाए।"

"जगदीश को फिर जायजा लेने भेजा है।" परभू ने अन्दर आकर कहा।

"सर पहले तो सोचा कि बरसात हमेशा की तरह घंटे-आधे घंटे के बाद बरस कर थम जाएगी। जब देखा कि य तो रुकने का नाम ही नही ल रही है तो मा को चिंता लगी। मुझे उठाया। मै भी इतनी बरसात देख हैरान था।"

"बेटा राजू! बाध पर तेरे साहब अकेले होग रे।" मा ने कहा—"कुछ भी अनहोनी घट सकती है। मैंने अपनी अब तक की उमर मे ऐसी मूसलाधार बरसात नही देखी।"

कुछ ठहरकर राजू ने कहा—"मा बोली थी कि ।"

"जी तो नही चाहता कि ऐसे मे तुझे अकेला भेजू। मगर वहा तेरे साहब को कुछ हो गया तो गरीबो का एक मसीहा चला जाएगा। जा बेटा जा। अभी उन्हें तेरी सख्त जरूरत होगी। बरसाती पहन ले। छाता—टार्च और लाठी ल ले।"

"जाता हू मा। तू चिंता मत कर उन्हें कुछ नही होगा। सैकड़ो का भला चाहने वाले की चिंता जगदम्बा ही करेगी।"

"रास्ते में पानी का क्या हाल था ?"

"हाल ? कुछ न पूछ सर बोर एरिया पूरा तालाब बना हुआ है।"

बीच म एक नाले को पार करते समय तो मरे होश गुम हो गए। सोचा बहता हुआ सीधा बूझ के तालाब म ही पहुचूगा। भला कर, भगवान लाठी और नाले के किनारे रतनजीत के पड़ की डाल ने बचा लिया। बहुत तेज बह रहा है पानी। गोगुदा से यहा तक का पूरा रास्ता पानी से भरा है। यहा तक मैं कमर-कमर तक

पानी म चल कर आ रहा हू। पानी मे बहकर आने वाले जीव जतुओ का डर अलग। चलते-चलते कही खड्डे म उतर गया तो इतनी रात मे कोई निकालने वाला भी नहीं।''

''वाकई बड़ी हिम्मत की।''

''चाय ने और आग ने चुस्त बना दिया है हमे सर।'' राजू ने कहा—''अब जरा अगले प्लान की डिटेल समझा दे तो अगले एक्शन के लिए तैयार रहे।''

''मैं इन लोगो को वही समझा रहा था। ऐन उसी समय अधेरे मे तुम्हारी टॉर्च की रोशनी दिखाई दी तो हम ठहर गए कि इतनी तूफानी मूसलाधार बरसात मे कौन सिन्दबाद जहाजी पानी म तैरता आ रहा है।''

''सब जने पास-पास आ जाओ।'' राजू ने कहा—''सर की बात का ध्यान से सुनो। हमे उसी के अनुसार अगला कदम उठाना है।''

''हमे हर आधे घंटे म बाध के भरने की रिपोर्ट उत्तरी कोने से देवीसिह दे रहा है। जैसे ही बाध के टॉप लेवल से पानी तीन फीट नीचे रहेगा, हम यहा से मार्च कर देना है। इस बार हम बाध के पीछे क रास्ते से जाएगे जहा मिट्टी की कुटाई हो चुकी है और कोई नई मिट्टी नही डाली है। वहा फिसलन तो होगी, लेकिन दलदल नही होगा। सावधानी के लिए हम सब रस्सी से एक-दूसरे से बधे हाग। ताकि कोई फिसलकर फिल्टर टॉप से गिरे नही। सबके हाथ मे लाठिया होगी।''

''हर एक के पास गती—फावड़ा—तगारी होगी।''

''अभी गैंती फावड़े से क्या होना है ?''

''ध्यान से सुनो राजू। इस बाध को टूटने से बचाने का एक ही रास्ता है। आठ फीट जमीन काटना।''

''हा, सिर्फ आठ फीट लबी और आधा फिट गहरी। हम कुल नौ जने हैं। बूढ़े चाचा साईं मेघराज को छोड़ भी द तो एक के हिस्से मे आएगी एक फीट लबी आधा फीट गहरी। आधा फीट चौड़ी।''

''यह तो बहुत आसान है। मगर है कहा ?''

''दक्षिण की तरफ ओटे से पाल बहुत नीची है। इसलिए ओटे से तो पानी जाएगा नही। अब बचा उत्तरी किनारा। अंतिम छोर पर है सैल्यूस। उससे लगी पक्की दीवाल आउटलेट नाले तक। सैल्यूस की सीध की आठ फीट जमीन हम काट दंगे तो पाल को पार करने से पहले पानी को उधर निकलने का रास्ता मिल जाएगा। एक बार जहा पानी को निकलने का रास्ता मिला कि आगे वो खुद अपना रास्ता बना लेगा।''

''वाह! क्या आइडिया है! यह तो हमने कभी सोचा ही नही।''

''इसीलिए फौज मे कप्तान की जरूरत पड़ती है श्रीमान्।''

''चलो देवीसिह से ताजा रिपोर्ट ले ले।''

तब तक देवीसिह की आवाज आई।

"साहब बाध साढ़े तीन फीट खाता है। सावधान ।"

"ठीक है तुम बराबर निगाह रखना। अब मुझे हर पद्रह मिनट म रिपोर्ट चाहिए। "

' ठीक है सर । मिल जाएगी ।"

"अब क्या होगा राजू ? केवल साढ़े तान फीट बाकी। वैस ता अब धारे-धारे ही बढ़गा। क्योकि पानी ज्या-ज्या ऊपर बढ़ेगा। फलाव बढ़ता जाएगा। इसलिए अब दर ता लगगी भरन म। चार बज ह। दा घंटे और हमारा परीक्षा की घडी है। फिर ता दिन उग आएगा। फिर काई चिता नहा है। हा, एक चिता सबसे बड़ी है राजू ?"

"कौन सी सर ?"

"मान ला एक मिनट क लिए कि अब पानी ऊपर नही बढ़े। जहा है वहा ही रहे तो भी सैल्यूस से जो पानी बह रहा है वहा हमने अतिम सिर पर राइट केनाल के लिए मुह खुला रखा है। वहा से आने वाला पानी तिरछा हाकर फिल्टर टॉप की मिट्टी का काट रहा हागा। इस अचिंतित अचानक आने वाली बरसात स उसको बद करने की बात किसी के दिमाग म नही आई ?"

"य तो वास्तव म चिता की ही बात है सर ?"

"दिन उगत ही हम सबसे पहले उसी जगह का देखना है। हो सकता है वहा बहुत बड़ा गड्ढा हो गया हागा।"

"हम सबसे पहले उस गड्ढे को भरना हागा तथा सैल्यूस स राइट कनाल वाल पाना का राकना होगा।"

"साब होकम सौ-दो-सो खाली कट्टा रती स भरवाकर तैयार करवा कर गड्ढे मे भरवा दगे।" केशा बा ने राय दी।

"हा, केशा बा। सही साचा आपन। ज्या-ज्या जितन लाग आते जाए आपका काम रेत के कट्टे भरवाने का है आज।"

"देवा, केशा बा जगदाश, परभू, तुम चारा जन थाडी झपकी मार लो। रात-भर के जगे हो।" सुधाकर ने निर्णय सुना दिया—"जरूरत होगी तो म उठा दूगा।"

सुधाकर जानता था कि आने वाली सुबह अफरा-तफरी की हागी। भाग-दौड अपनी अधिकारियो की गाव वालो की भाग-दौड महज थकाने वाला ही नहा काफी मेहनत वाली भी होगी और ऊपर से न जाने कितने सवाल-जवाब वालों।

सुधाकर ने सोच लिया था कि सुबह इन सभी को वह कह देगा कि तुमम से कोई भी किसी क सवाल का जवाब नही दगा। सारे सवालो के जवाब क लिए सुधाकर शर्मा ही उत्तरदायी है बस एक ही उत्तर इन रात-भर काम करने वाला को दना होगा—' साहब होकम जान। साहब को पता होगा।"

सुधाकर को लग रहा है कि कल ही लौट जाना है उदयपुर। अपन मित्र दिनेश के सपने का अधूरा छोडकर। वैस दिनश का सपना अधूरा कहा है अब काम ही

कितना रह गया था। नब्बे प्रतिशत सफलता हसी-खेल नही है। यह कठिन और कर्मठता की परीक्षा ही थी ओबरा बाध पर। सभी जगह के मस्टररोल कागजी थे और ओबरा के मस्टररोल जिस्मो के थे, पसीने के थे, आखो मे खुशहाली के सपनो के थे, अपना गाव अपना काम, सबके नाम के सपना के थे।

"कल की सुबह क्या-क्या गुल खिलाएगी।" सुधाकर सोच नही पा रहा था।

"साब, आपकी तबीयत भी तो ठीक नही है। आप सो ल।"

"मेरा जागना ज्यादा जरूरी है। कब क्या निर्णय लेना पडे ? वह तो मुझे ही लना पडगा न।"

"ठीक है सर। हम लोग आपकी बात मानकर आराम करते हैं।"

"राजू, अब बरसात का जोर कुछ कम तो पडा है। लगता है, भगवान को आज ही बाध की मजबूती की परीक्षा लनी हे। हमने कही पोल तो नही छोड़ी ? पाल छोड़ी होगी तो पानी नीचे से सारा बह जाएगा। मिट्टी को काटता हुआ निकलता रहगा। अगर हमने काम पूरी ईमानदारी और मेहनत से किया है, कुटाई अच्छी की है डसिटी सही निकाली है तो एक इच से ज्यादा पानी को भी रास्ता नही मिलेगा।"

"काम तो सही ही हुआ है, सर।"

"राजू, एक मिनट के लिए मान लो बाध फूटा तो पानी कहा-कहा पहुचेगा। गाव क चारे तक या खमाणा लोहार के घर तक या रोडा बा की हवेली की पहली मजिल या माताजी क चबूतरे तक ?"

"भगवान के लिए आप यह सब सोचना बद कीजिए। आप ही तो कहते हैं कि जीवन म कभी निराशावादी सोच रखना ही नही चाहिए। आज आप ही ऐसी निराशा की बात कर रहे हैं।" राजू ने कहा—"अपने ही सिद्धातो से उलटे ? कुछ दूसरी बात कीजिए सर ?"

"अच्छा ये बताओ, तुमने और चम्पा ने क्या सोचा है ?"

"ठीक ही सोच रखा है सर।"

"इस बारे म तुम्हारी माताश्री के क्या विचार है ?"

"इसक लिए ही तो माता श्री आपसे मिलना चाह रही हैं।"

"इसका मतलब साफ है कि वे राजी हैं।

"उनकी खुशी तो वही है जिसम उनके बेटे की खुशी है।"

"और तुम्हारी खुशी ?"

"जा चम्पा की खुशी।"

"और चम्पा की खुशी ?"

"आप सब जानते हुए भी क्या पूछ रहे हैं ? चम्पा, राजू और मेरी मा सबकी खुशिया आप ही लौटा सकते हैं और किसी के बस का नही।"

"चिता मत कर बेटे। एक दिन तुम्हारी झोली खुशिया से भर दूगा। जरा देवीसिह

से पूछकर बताओ व्हाट इज लेटेस्ट प्रोग्रस ? कहीं हम याता मे ही लग रह, और पानी खतरे के निशान पर पहुच जाए।"

"यस सर।"

राजू भागकर बाहर आया तब तक सुधाकर न अपने कम्बल उन सोने वाले लोगो पर डाल दिए।

"सर गुड न्यूज। पानी वहीं स्थिर है। एज इट इज। वही साढ़े तीन फीट खाली।"

राजू ने लौटकर बताया।

"कितना बजा है ?"

"सर, साढ़े पाच। बस कवल आधा घटा है दिन उगने म। अब बरसात भी कम हो गई है।"

"हा, बस हल्की-हल्की झिर मिर-झिर-मिर।"

